Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 242 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, मंगलवार 19 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अच्छे लोग दूसरों के लिए जीते हैं, जबकि दुष्ट लोग दूसरों पर जीते हैं।

Good People live for others while the bad people live on others.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य सूचना आयोग ने की दो आयुक्त की नियुक्ति

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में 2 आयुक्तों को नियुक्ति की गई है। इस नियुक्ति के साथ प्रदेश सूचना आयोग में 4 आयुक्त हो गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के अनुसार सेवानिवृत्त आईएएस नरेंद्र कुमार शुक्ला और रायपुर के आलोक चंद्रवंशी को आयोग में आयुक्त के पद पर नियुक्ति की गई है, शुक्ला मई 2020 में सेवानिवत्त हुए थे।

### आजम खान को सात साल कैद, डूंगरपुर मामले में पांच लाख जुर्माना भी लगा

**रामपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को सोमवार को [illegible] कोर्ट ने डूंगरपुर मामले में 7 साल जेल की सजा सुनाई। 3 अन्य दोषियों को भी 7 साल की सजा सुनाई गई। सभी पर 5 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया है। 6 मार्च को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। रामपुर के गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती को खाली करवाने को लेकर साल 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे, जिसमें से एक मामला जेल रोड निवासी एहतेशाम की तरफ से भी दर्ज करवाया गया था। इसमें सभी पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप था। कोर्ट में चार मार्च को इस मामले की सुनवाई पूरी हो गई थी।

## उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ, मेरे लिए हर मां, बेटी शक्ति का रूप : नरेन्द्र मोदी

**कांग्रेस शासित तेलंगाना पहुंचे पीएम मोदी, विपक्ष पर साधा निशाना**



**जगतियाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के जगतियाल में रैली में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है और मेरे लिए हर मां और बेटी शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि मैं भारत मां का पुजारी हूं, मैं शक्ति के प्रत्येक रूप की रक्षा के लिए अपना जीवन खपा दूंगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले कहा कि कल मुंबई में इंडी अलायंस की रैली थी। चुनाव घोषित होने के बाद इंडी अलायंस की ये पहली और उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण रैली थी। उस रैली में उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया और उनके घोषणा पत्र का ऐलान है कि मेरी (इंडी अलायंस) लड़ाई शक्ति के खिलाफ है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी अलाएंस ने कहा है कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए हर मां, बेटी, शक्ति का रूप है। मैं माताओं-बहनों को शक्ति का रूप मानता हूं। उनकी पूजा करता हूं। मैं माताओं-बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा, जीवन खपा दूंगा। यहां भारत की धरती पर कोई शक्ति के खिलाफ भी बात कर सकता है क्या? क्या शक्ति का विनाश हमें मंजूर है? हम सब शक्ति की अराधना करते हैं। हमने चंद्रयान की सफलता को भी शिव-शक्ति का नाम देकर शिव-शक्ति को समर्पित किया है। ये लोग शक्ति के विनाश का बिगुल फूंक रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एक ओर शक्ति के विनाश की बात करने वाले लोग हैं, दूसरी ओर शक्ति की पूजा करने वाले लोग हैं। मुकाबला 4 जून को हो जाएगा कि कौन शक्ति का विनाश कर सकता है और कौन शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र का उत्सव प्रारंभ हो चुका है और 13 मई को तेलंगाना के लोग नया इतिहास रचने वाले हैं। 13 मई को तेलंगाना में होने वाला मतदान विकसित भारत के लिए होगा और जब भारत विकसित होगा तो तेलंगाना भी विकसित होगा।

दरअसल रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के मौके पर मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि हिंदू धर्म में एक शब्द होता है शक्ति। और हम एक शक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं।

मोदी ने कहा कि हाल ही में तेलंगाना के विभिन्न शहरों में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। लोग देख रहे हैं कि विकास परियोजनाएं अब राज्यों के सुदूर कोनों तक भी पहुंच रही हैं। बीजेपी लहर बीआरएस और कांग्रेस के कुशासन को मिटा देगी। जगतियाल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार शुरू हो रहा है। जगतियाल निज़ामाबाद लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि तेलंगाना में भाजपा की लहर है जबकि कांग्रेस और बीआरएस को हार का सामना करना पड़ेगा। बीआरएस और कांग्रेस एक-दूसरे को कितना भी कवर फायर दें, उनकी एक-एक लूट का हिसाब लिया जाएगा। मोदी उन लोगों को नहीं छोड़ेंगे जिन्होंने तेलंगाना के लोगों को लूटा। यह मोदी की गारंटी है।

## सीएम विष्णुदेव साय का दावा- 11 सीट पर जनता कमल खिलाएगी



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की सभी 11 संसदीय क्षेत्रों में भाजपा की जीत का भरोसा जताया और कहा कि केंद्र सरकार के कल्याणकारी कामों को देखकर मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से सत्ता में लाएंगे और भारत को विश्व गुरु (विश्व नेता) बनाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। समूचा भारत, लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उत्साहित है। बीते दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल और मजबूत नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास के ध्येय को फलीभूत करते हुए देश ने अभूतपूर्व प्रगति की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव और गरीब सबका कल्याण हुआ है। उन्होंने कहा, ठीक उसी तरह सरकार में आते ही हमने केवल तीन महीनों में ही छत्तीसगढ़ में मोदी की प्रमुख गारंटियों को प्राथमिकता से पूरा किया। इसका इनाम प्रदेश की जनता हमें सभी 11 लोकसभा सीटों को जीताकर देगी, क्योंकि वे फिर से मोदी जी को पीएम बनाने के लिए उत्सुक हैं। इस बार हमारा नारा है अब की बार 400 सीटें पार। कमल खिलाने के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं। पूरे देश में पीएम के काम से लोग वाकिफहो चुके हैं। इसका फायदा भी भाजपा को मिलेगा।

## साबरमती-आगरा सुपरफास्ट के 4 डिब्बे पटरी से उतरे



**अजमेर (आरएनएस)।** राजस्थान के अजमेर में मदार रेलवे स्टेशन के पास एक सुपरफास्ट ट्रेन के कम से कम चार कोच के ट्रैक से उतरने की खबर है. बताया जा रहा है कि हादसा रविवार-सोमवार की रात में हुआ. इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है. लेकिन हादसे के बाद रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया. उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि, साबरमती से आगरा जा रही गाड़ी संख्या 12548 अजमेर के मदार में होम सिग्नल के पास पटरी से उतर गई. ट्रेन के चार यात्री डिब्बे और इंजन पटरी से उतर गए.

उन्होंने कहा, रेलवे अधिकारी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए. इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई है. हालांकि, जिन लोगों को मामूली चोटें आईं, उन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. रेलवे अधिकारियों ने अजमेर स्टेशन पर एक सहायता डेस्क स्थापित की है और सहायता के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 0145-2429642 जारी किया है. इस नंबर पर कॉल कर लोग अपने परिजनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने कहा कि, आज सुबह करीब 01:04 बजे ट्रेन नंबर 12548, साबरमती-आगरा कैंट अजमेर के पास पटरी से उतर गई. इसमें इंजन और चार जनरल डिब्बे पटरी से उतर गए.

## काशी विश्वनाथ ने बनाया रिकॉर्ड, 17 मार्च को 5 लाख से अधिक शिवभक्तों ने किए दर्शन

**वाराणसी (आरएनएस)।** श्री काशी विश्वनाथ धाम अपने ही रिकॉर्ड तोड़ रहा है। सावन और महाशिवरात्रि समेत पर्व-त्योहारों पर तो यहां लाखों भक्त दर्शन के लिए उमड़ते ही हैं, रविवार (17 मार्च) जैसे सामान्य दिन में भी यहां 5 लाख से अधिक शिवभक्तों ने दर्शन किए। यह संख्या सामान्यत: विशिष्ट पर्वों पर आने वाले दर्शनार्थियों के बराबर है।

दरअसल, काशी पुराधिपति देवाधिदेव महादेव के दर्शन के लिए निरंतर श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। नव्य और भव्य श्रीकाशी विश्वनाथ धाम मंदिर में सुविधा और सुरक्षा के चलते काशी में दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर बढ़ता जा रहा है।

## बंगाल से डीजीपी और 6 राज्यों से हटाए गए गृह सचिव

**आम चुनाव से पहले बंगाल में चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने बंगाल में बड़ा एक्शन लिया है. निर्वाचन आयोग ने बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार को हटाने और यूपी-बिहार समेत 6 राज्यों से गृह सचिव बदलने के निर्देश दिए हैं. जिन छह राज्यों के होम सेक्रेटरी बदले गए हैं उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं.

इसके साथ ही बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल को भी हटा दिया गया है. साथ ही अतिरिक्त आयुक्त और उपायुक्त को भी हटाने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के जीएडी सचिव को भी पद से हटाया गया है. पश्चिम बंगाल में डीजीपी के अलावा कई और अधिकारियों को भी हटाया गया है. इतना ही नहीं चुनाव आयोग ने सीएम दफ्तर से भी कुछ अधिकारियों को हटा दिया है. बता दें कि चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी को 2016 में विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी सक्रिय चुनाव ड्यूटी से हटा दिया था. 6 राज्यों के गृह सचिव और बंगाल के डीजीपी को हटाने पर चुनाव आयोग ने कहा कि यह एक्शन चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित कराने के लिए लिया गया है.

## अगले 5 साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री दुनिया में नंबर 1 होगी : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को विश्वास जताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को पहले से अधिक सीटें मिलेंगी। उन्होंने दावा किया कि आम चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों के आधार पर होगा, जिसे लोग सराह रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले पांच साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री दुनिया में नंबर वन होगी। नितिन गडकरी ने कहा, इस समय भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग का आकार 12.5 लाख करोड़ रुपये है। उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, और यह केंद्र और राज्य सरकारों को अधिकतम जीएसटी का भुगतान करता है।

उन्होंने कहा, जब मैं मंत्री बना तो भारत की ऑटो इंडस्ट्री दुनिया में 7वें स्थान पर थी। मैंने नई तकनीक वाली कंपनियों को प्रोत्साहित किया। अब भारत की ऑटो इंडस्ट्री जापान को पछाड़कर तीसरे नंबर पर आ गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में इस समय ट्रिपल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा, हम अपने काम के दम पर लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें अपनी पार्टी को आगे ले जाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि शरद पवार और उद्धव ठाकरे को सहानुभूति वोट नहीं मिलेंगे। नितिन गडकरी ने यह भी कहा कि उनके सभी दलों से अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा, राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन व्यक्तिगत मतभेद नहीं होने चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए को पहले से ज्यादा सीटें मिलेंगी। नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार ने महाराष्ट्र में 5 लाख करोड़ रुपये की सड़कें बनाई हैं, इसलिए लोग हमारे काम पर ध्यान दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना को खत्म करने से काले धन के दरवाजे खुल जाएंगे। उन्होंने सभी पक्षों को एक बेहतर प्रणाली विकसित करने की जरूरत को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री ने साक्षात्कार के दौरान कहा, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि चुनाव लड़ने के लिए धन की जरूरत होती है और हर पार्टी को इसकी जरूरत होती है। नितिन गडकरी ने सवाल करते हुए कहा, वास्तव में, इस योजना के पीछे मूल विचार यह था कि पार्टियों को बॉन्ड के माध्यम से पैसा मिलेगा और अगर आप इसे नंबर एक बनाना चाहते हैं तो इससे अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, इसमें गलत क्या था?

## कमलनाथ के करीबी सैयद जाफर सहित कई कांग्रेसी नेता बीजेपी में शामिल

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ को बड़ा झटका लगा है। उनके करीबी और कांग्रेस के मीडिया विभाग के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान प्रवक्ता सैयद जाफर सहित छिंदवाड़ा के कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सैयद जाफर ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सैयद जाफर की गिनती पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबियों में होती रही है और वह पिछले कुछ दिनों से भाजपा की नीतियों का समर्थन करते आ रहे हैं। उन्होंने अभी हाल ही में सीएए का खुलकर समर्थन किया था। साथ ही छिंदवाड़ा के कई पदाधिकारी और नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कई अन्य क्षेत्रों के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए हैं।

## कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**निर्वाचन कार्य ड्यूटी पर लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए उपयुक्त सुविधा का रखे ध्यान : डॉ. गौरव सिंह**


**मतदान के बाद ईवीएम मशीनें सेजबहार के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी जमा**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने आज सेजबहार स्थित शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सेजबहार रायपुर और बीटीआई मैदान शंकर नगर स्थित शासकीय स्कूल में लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने चुनाव सामग्री के वितरण के लिए बनाई गई व्यवस्था का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि पोस्टल बैलेट के संबंध में सारी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। जिन अधिकारियों कर्मचारियों को डाक मतपत्र दिया जाना है, उनकी अंतिम सूची बना ली जाए और समय सीमा के भीतर वितरण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सेकंड रेंडमाइजेशन, कमिसनिंग, डाक मतपत्रों के वितरण और वोटर स्लीप के संबंध में टाइम टेबल बना कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डॉ सिंह ने कहा कि जहां मतगणना होनी है वहीं पर ईवीएम की कमिशनिंग भी की जानी है। इस संबंध में उपयुक्त इंतजाम किए जाएं। पुलिस विभाग सुरक्षा के साथ-साथ सेजबहार के रास्ते यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित करें। यथास्थान सीसीटीव्ही भी लगाएं। जिन अधिकारियों कर्मचारियों को डाक मतपत्र दिया जाना है, उनकी अंतिम सूची बना ली जाए और समय सीमा के भीतर वितरण किया जाए। उनके लिए शुद्ध पेयजल एवं महिला पुरुष के लिए पृथक पृथक शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि यह ध्यान रखें कि ड्यूटी में आए कर्मचारियों को यथासंभव सुविधा मिले एवं कोई तकलीफ ना हो। पोस्टल बैलेट के संबंध में सारी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। एसपी श्री संतोष सिंह ने कहा कि स्ट्रांग रूम में तीन स्तर की बेरिकेंडिग की जानी है यह अच्छी तरीके से की जाए ताकि निर्वाचन कार्य सुचारु सरूप से सम्पन्न हो। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने को कहा। साथ ही सामाग्री वितरण सहित अन्य निर्वाचन कार्य के समय स्ट्रांग रूम के आसपास के मार्गों में यातायात सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

बलौदाबाज़ार विधानसभा के लिए सामग्री वितरण केंद्र सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय तिल्दा और धरसींवा विधानसभा क्रमांक 47, रायपुर नगर पश्चिम विधानसभा क्रमांक 49, रायपुर उत्तर विधानसभा क्रमांक 50 को सामग्री वितरण बी टी आई शंकर नगर से किया जायेगा। साथ ही रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्रमांक 51, आरंग विधानसभा क्रमांक 52 और अभनपुर विधानसभा क्रमांक 53 के लिए सामग्री वितरण केंद्र शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार होगा।

## विजय भाषण : राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा- रूस बनेगा मजबूत



**मास्को (ए)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश में हुए चुनाव के प्रारंभिक परिणामों के बाद मास्को में भाषण देते हुए नागरिकों को धन्यवाद दिया। चुनाव आयोग ने मतगणना में उन्हें देश का फिर राष्ट्रपित बनने की ओर अग्रसर होते हुए दिखाया है।

बीती रात अपने समर्थकों के समक्ष बोलते हुए पुतिन ने कहा कि चुनाव में उनकी जीत से रूस ओर मजबूत व प्रभावशाली बनेगा। इस दौरान पुतिन ने यूक्रेन युद्ध में भाग ले रहे सैनिकों के प्रति आभार भी जताया।

पुतिन ने जोर देकर कहा कि देश में शक्ति का एकमात्र स्त्रोत रूसी लोग हैं और जब देश की दिशा तय करने की बात आती है, तो प्रत्येक नागरिक का वोट मायने रखता है। उन्होंने कहा, मैं उन लक्ष्यों को हासिल करने की पूरी कोशिश करूंगा, जिन्हें हम सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार इस चुनाव में रिकॉर्ड 74 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2018 के 67.47 प्रतिशत के मुकाबले काफी अधिक है। आयोग के अनुसार मॉस्को के समयानुसार रविवार देर रात 1 बजे तक 80 प्रतिशत से अधिक वोटों की गिनती हो चुकी थी और पुतिन 87.15 प्रतिशत के साथ सबसे आगे चल रहे थे।

## पीएम मोदी ने पुतिन को फिर राष्ट्रपति चुने जाने पर दी बधाई, कहा- साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनकी शानदार चुनावी जीत पर बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि वह दोनों देशों के बीच समय की कसौटी पर परखी हुई साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। व्लादिमीर पुतिन (71) लगभग 88 प्रतिशत वोट हासिल करके पाँचवीं बार राष्ट्रपति बने हैं, जो रूस में सोवियत-काल के बाद के इतिहास में सबसे अधिक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर महामहिम श्री व्लादिमीर पुतिन को हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, आने वाले वर्षों में हम भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर परखी हुई विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने इस साल की शुरुआत में स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करने के लिए भारत और पीएम मोदी की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था, आधुनिक दुनिया में यह आसान नहीं है। भारत और रूस दोनों ने बार-बार कहा है कि वे विश्वसनीय भागीदार हैं।

भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे रिश्ते हैं और भारत में हमारा विश्वास इस तथ्य से प्रदर्शित होता है कि मॉस्को नई दिल्ली का सबसे बड़ा विदेशी निवेशक हैज और यह सिर्फ शुरुआत है। मॉस्को में अपने राष्ट्रपति अभियान मुख्यालय में विजयी भाषण देते हुए पुतिन ने देश के लोगों को धन्यवाद दिया। वह 2030 तक इस पद पर रहेंगे और 200 साल से अधिक समय में देश के सबसे लंबे समय तक पदासीन नेता बन जाएँगे।

उन्होंने समर्थकों से कहा कि वह यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान को प्राथमिकता देंगे और रूसी सेना को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे सामने कई कार्य हैं। लेकिन जब हम एकजुट हो जाते हैं- कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन हमें डराना चाहता है, दबाना चाहता है- इतिहास में कोई भी ऐसा करने में सफल नहीं हुआ है, वे अब भी सफल नहीं हुए हैं, और वे भविष्य में भी कभी सफल नहीं होंगे।

## तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. सौंदरराजन ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**चेन्नई (आरएनएस)।** पुडुचेरी की उपराज्यपाल और तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेज दिया है।

केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की उपराज्यपाल और तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति से पहले डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन भाजपा की तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष थीं।

2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने थूथुकुडी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की बहन, डीएमके नेता कनिमोझी करुणानिधि से हार गईं थी। जानकारी के मुताबिक वह बीजेपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं।

## हम आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने से पीछे नहीं हटेंगे : जरदारी



**इस्लामाबाद (ए)।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सोमवार को कहा कि हम आतंकवादियों पर पलटवार करने से संकोच नहीं करेंगे। हम अपने सैनिकों की मौत का बदला किसी भी कीमत पर लेकर रहेंगे।

यह महान बलिदान हमारे वीर सपूतों के दृढ़ संकल्प का एक और गौरवशाली प्रमाण है, जिन्होंने हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में कभी कोई संकोच नहीं किया। हमारी मातृभूमि अपनी एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए सशस्त्र बलों के साथ खड़ी है। शनिवार को सात पाकिस्तानी सैनिक सहित दो अधिकारी उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में मारे गए। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि मोहमंद जिले में आतंकवादियों ने पुलिस चेकपोस्ट को निशाना बनाया। उन्होंने इसे निशाना बनाने के लिए हैंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया।

राष्ट्रपति जरदारी लेफ्टिनेंट कर्नल सैयद काशिफ अली और कैप्टन मुहम्मद अहमद बदर के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए थे। पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने कहा, अगर कोई आतंकवादी हमारे सैनिकों पर हमला करेगा, तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देने में किसी भी प्रकार से संकोच नहीं करेंगे। हमारी आवाम और सेना दोनों ही आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### सांतरागाछी एवं हुबली जंक्शन के मध्य होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व के दौरान गाड़ियों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए सांतरागाछी–हुबली के मध्य होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक फेरे के लिये किया जा रहा है। यह ट्रेन सांतरागाछी से 08840 नंम्बर के साथ तथा हुबली से 08841 नम्बर के साथ चलेगी। गाड़ी संख्या 08840 सांतरागाछी–हुबली, होली स्पेशल सांतरागाछी से दिनांक 27 मार्च, 2024 (बुधवार) को तथा 08841 हुबली–सांतरागाछी, होली स्पेशल हुबली से 30 मार्च, 2024 (शनिवार) को छुटेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर व गोंदिया स्टेशनों पर इन दोनों गाड़ियों का वाणिज्यिक ठहराव दिया गया है। जहां से यात्री इस सुविधा का लाभ उठा पाएंगे। इस गाड़ी की विस्तृत समय सारणी इस प्रकार है।

| 08840 सांतरागाछी-हुबली होली स्पेशल ट्रेन | | ↓ स्टेशन ↑ | 08841 हुबली-सांतरागाछी होली स्पेशल ट्रेन | |
|---|---|---|---|---|
| पहुँच | छूट | | पहुँच | छूट |
| — | 18:00 | सांतरागाछी | 04:20 | – |
| 19:15 | 19:20 | खड़गपुर | 02:20 | 02:25 |
| 21:30 | 21:35 | टाटानगर | 00:05 | 00:10 |
| 22:30 | 22:32 | चक्रधरपुर | 23:05 | 23:07 |
| 23:53 | 23:58 | राउरकेला | 21:27 | 21:35 |
| 01:48 | 01:50 | झारसुगुड़ा | 20:08 | 20:10 |
| 04:55 | 05:05 | बिलासपुर | 15:50 | 16:00 |
| 06:35 | 06:40 | रायपुर | 14:00 | 14:05 |
| 09:18 | 09:20 | गोंदिया | 09:46 | 09:48 |
| 13:15 | 13:20 | बल्लारशाह | 05:35 | 05:40 |
| 14:34 | 14:36 | मदीमंगलम | 02:48 | 02:50 |
| 15:58 | 16:00 | काजीपेट | 01:28 | 01:30 |
| 18:00 | 18:10 | सिकंदराबाद ज. | 23:25 | 23:35 |
| 00:28 | 00:30 | रायचूर | 17:48 | 17:50 |
| 02:40 | 02:50 | गुंतकल | 16:00 | 16:10 |
| 03:55 | 04:00 | बेल्लारी | 15:00 | 15:05 |
| 04:30 | 04:32 | तोरणगल्लु | 13:58 | 14:00 |
| 05:05 | 05:10 | होसपेट | 13:20 | 13:25 |
| 05:40 | 05:42 | कोप्पल | 12:43 | 12:45 |
| 06:28 | 06:30 | गडग ज. | 11:50 | 11:52 |
| 08:00 | -- | हुबली | – | 10:30 |

### निबंध प्रतियोगिता में पियूष बोरकर प्रथम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2023 एवं हमारी वैज्ञानिक उपलब्धियाँ विषय पर स्वर्गीय महेश भाई व्यास स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में विवेकानन्द विद्यापीठ आदर्श आवासीय विद्यालय, कोटा के श्री पियूष बोरकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था के राजेन्द्र ओझा ने बताया कि लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हिमांशी देवांगन, सतता सुन्दरी कालीबाड़ी स्कूल के श्री उत्कर्ष साहू ने द्वितीय तथा डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल की प्राची ठाकुर तथा पंडित आर डी तिवारी अंग्रजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की तृषा दिव्या को तृतीय स्थान प्राप्त किया। आदर्श विद्यालय के शिवम कुशवाहा एवं लक्ष्मीनारायण स्कूल की प्रीति साहू को प्रवर्धन पुरस्कार प्रदान किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में बीस से ज्यादा विद्यालयों के करीब पचास विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. गिरीश कान्त पाण्डेय एवं आचार्य श्री अमरनाथ त्यागी जी कार्यक्रम के अध्यक्ष थे। इसके अतिरिक्त डॉ. दुर्गा सिन्हा उदार, डॉ. मृणालिका ओझा, श्रीमती प्रज्ञा त्रिवेदी, श्री अश्विन भाई बाटविया, रोहित भाई व्यास, प्रशांत महतो सहित अनेक विद्यालय के प्रधान पाठक, प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती रौशनी एवं आभार प्रदर्शन डॉ मृणालिका ओझा ने किया।

### कलेक्टर चन्द्रवाल ने ली जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति की बैठक

**बालोद (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने रविवार 17 मार्च को एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया प्रमाणन हेतु जारी किए गए दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तापूर्वक जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### लोकसभा निर्वाचन : जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित

**दुर्ग (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इस दौरान जिला कलेक्टोरेट में सप्ताह के प्रति सोमवार को आयोजित होने वाली जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित रहेगी। आम जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन सारथी ऐप अथवा सारथी काउण्टर पर जमा करवा सकते हैं।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अंतर्गत प्रर्वतन एजेंसियों की बैठक आज 11 बजे

**दुर्ग (आरएनएस)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को व्यय लेखा का समुचित परीक्षण किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश हेतु 19 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक रखी गयी है। भारत सरकार की ओर से नियुक्त श्रीमती रंजनी श्रीकुमार, आयकर अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी, लोकसभा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, 2024 द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाएंगे। उक्त बैठक में सभी प्रवर्तन एजेंसियां यथा आबकारी/ एसजीएसटी/ पुलिस/ जी.आर.पी./ आर.पी.एफ/ ई.ई.एम. में लगे सभी अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा की गयी तैयारी एवं अब तक के कार्यों के विवरण के संबंध में पी.पी.टी. तैयार कर बैठक में स्वयं उपस्थित होने कहा गया है।

### रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**भिलाई (आरएनएस)।** इस्पात संयंत्र के रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में 16 मार्च 2024 को 'नई चेतना' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (आर ई डी) श्री सुधीर कुमार थे। कार्यक्रम में विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं उप महाप्रबंधक (आर ई डी) श्री एस के अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक (आर ई डी) श्रीमती मालिनी परगनिहा और प्रबंधक (आर ई डी) सुश्री फ्लिोमिना इक्का उपस्थित थीं। कार्यक्रम में उप प्रबंधक (कार्मिक) सुश्री शालिनी चैरसिया द्वारा ठेका श्रमिक महिलाओं को यौन उत्पीडन से सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित जानकारी दी गयी। अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी श्री चैतराम साहू ने ठेका श्रमिक महिलाओं के वेतन, श्रम कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओ से संबंधित जानकारी दी। चेतना सत्र का उद्देश्य महिला ठेका श्रमिकों को अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारी, अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित सही जानकारी प्रदान करना था।

## भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक ने किया नए आरएसीसी भवन का उद्घाटन

### मुख्य महाप्रबंधक श्री शर्मा सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में हुए शामिल






**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक भोपाल मंडल चंद्रशेखर शर्मा ने नगर के अम्बेडकर चौक स्थित नए आर ए सी सी व मिनी आर ए सी पी सी भवन का आज विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक प्रदेश और देश का नंबर वन बैंक है और हम चाहते हैं कि विभिन्न प्रकार के ऋणों की स्वीकृति आसानी से और त्वरित गति से हो और इसी कारण आप लोगों को अधिक से अधिक सुविधा देने के लिए बैंक की यह शाखा खोली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बैंक के इस विभाग से महासमुंद, बेमेतरा, कवर्धा तथा बलौदाबाजार जिले की सभी शाखाओं के ऋण प्रकरणों को स्वीकृत किया जाएगा। पूर्व में यही कार्य रायपुर और बिलासपुर से होता था। क्षेत्रीय प्रबंधक सलिल शुक्ला व मुख्य प्रबंधक गार्डन चौक शाखा देवेंद्र दुबे ने मुख्य अतिथि का पगड़ी पहनाकर व पौधा भेट कर आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने रिबन काट कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए मुख्य महा प्रबंधक शर्मा ने आवश्यक निर्देश व सुझाव देते हुए जनहित में प्रभावी ढंग से उद्देश्य पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए व शुभकामनाएं दीं। मुख्य महा प्रबंधक ने अपने कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत दस दिव्यांगजनों ईश्वरी पैकरा, इंद्रपाल नेताम, कामता सेन, चिंताराम ध्रुव, धरमदास चतुर्वेदी, लछुराम देवांगन, हीरालाल साहू, कृष्ण कुमार पैकरा, परमानंद साहू व टेकराम पैकरा का फूलमाला से स्वागत किया, मिठाई दी और व्हील चेयर की सौगात दी। इन हितग्राहियों को व्हीलचेयर प्राप्त करते हुए भावविभोर होते देखा गया। इसी अवसर पर तीन ट्रैक्टरों की चाबी भी हितग्राहियों को सौंपी गई तथा विभिन्न प्रकार के ऋण आवेदकों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सिविल लाइन स्थित अम्बेडकर सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने शिरकत की। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह के स्टॉल का निरीक्षण व अवलोकन किया तथा उनके द्वारा निर्मित सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य प्रबंधक देवेंद्र दुबे से महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्रियों के मार्केटिंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए जिससे उन्हें न केवल लाभ हो वरन अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित भी हों। पन गांव की ज्योति स्व सहायता समूह को श्रेष्ठ स्व सहायता समूह के रूप में पुरस्कृत किया।इस समूह ने बैंक से 5 लाख का ऋण लेकर फिनाईल, अचार, पापड़ व निरमा बना कर मुनाफा कमाते हुए सफलता अर्जित की है। इनसे प्रभावित होकर मुख्य अतिथि ने कहा कि जब महिलाएं समृद्ध होती हैं तो दुनिया समृद्ध होती है।महिलाओं का सशक्तिकरण विकास को गति देता है। महिलाओं का नेतृत्व समावेशिता को बढ़ावा देता है और उनकी आवाज सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्रशेखर शर्मा, विशिष्ठ अतिथि उप महा प्रबंधक श्रीकांत गुड़ीवाड़ा, क्षेत्रीय प्रबंधक सलिल शुक्ला व मुख्य प्रबंधक देवेन्द्र दुबे ने 22 स्व सहायता समूह को 40 लाख 50 हजार रु की सहायता राशि के चेक प्रदान किये। सभागृह में साइबर अपराध से बचाव महिलाओं में स्वावलंबन के लिये जागरूकता प्रदर्शित करने के भी स्टॉल लगाए गए थे जिनका अतिथियों ने अवलोकन भी किया व सराहा।कार्यक्रम में सर्वाधिक उम्र की महिला, समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी जनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय स्टेट बैंक के विशाल विश्वनाथन, समीर गुप्ता, हिमांशु, अभिनव, नरेश, विपिन खलखो, नीरज, सुरेंद्र सिंह सेंगर, राजू सराफ का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अंजन कुमार, अश्विनी कुमार, जॉन गुलशन बारला, पिंटू रंजन मिस्त्री, संजय पटेल व आदित्य ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य प्रबंधक देवेंद्र दुबे ने आभार प्रदर्शन किया।

## जिला प्रशासन जशपुर द्वारा 21 मार्च से नि:शुल्क जेईई क्रैश कोर्स




**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में खनिज निधि न्यास से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में 21 मार्च से दस दिवसीय नि:शुल्क जेईई क्रेश कोर्स का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें जिले के स्थानीय निवासी विद्यार्थियों को नि:शुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि आगामी जेईई मेन की परीक्षा 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024 के मध्य नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा ली जाएगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दस दिवसीय क्रैश कोर्स के लिए सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को इस संबंध में पत्र प्रेषित कर दिया गया है। जिले के अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों जिन्होंने जेईई मेन 2023-24 का फार्म भरा है, ऐसे 100 विद्यार्थियों को यह क्रैश कोर्स कराया जाएगा। इन विद्यार्थियों को 21 मार्च को प्रात: 10.00 बजे संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में अपनी उपस्थिति देनी होगी, साथ ही उन्हें जेईई मेन के भरे गए आवेदन के कन्फर्मेशन पेज की एक फोटोकॉपी भी साथ लानी होगी।

संकल्प जशपुर में कई वर्षों से जेईई मेन व एडवांस की तैयारी कराई जा रही है। प्रत्येक वर्ष दर्जनों विद्यार्थी जेईई की परीक्षा क्वालीफाई करते हैं, और देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों मे प्रवेश पाकर अपना भविष्य बना रहे हैं। अभी तक अकेले संकल्प के 75 से अधिक विद्यार्थी देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पा चुके हैं संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर द्वारा समस्त विद्यार्थियों को ऑनलाइन टेस्ट की भी सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। सभी विद्यार्थियों को जेईई मेंस स्तर का तीन टेस्ट लेकर अभ्यास कराया जाएगा।

## मानव सेवा ही माधव सेवा है : विश्वभूषण हरिचंदन

### राज्यपाल ने रेडक्रॉस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिए



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजभवन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 29 एमबीबीएस चिकित्सकों को ले-लेक्चरर प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात् प्रमाण पत्र प्रदान किए। राज्य शाखा द्वारा पहली बार राज्य के चिकित्सकों के लिए ले-लेक्चरर प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसमे उन्हें प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 11 से 17 मार्च तक आयोजित किया गया।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है, इस उद्देश्य को लेकर चिकित्सक कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोविड-19 महामारी के दौरान चिकित्सकों नर्स, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सभी ने फ्रंट लाइन वारियर्स बनकर सेवा की। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस द्वारा युद्ध, प्राकृतिक आपदा एवं संकट के अवसरों पर तत्काल सेवाएं प्रदान की जाती है जो कि सराहनीय है। उन्होंने चिकित्सकों का आव्हान किया कि वंचित वर्गो की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहें और समाज एवं राष्ट्र की सेवा करें। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी चिकित्सकों को राज्यपाल ने शुभकामनाएं दी एवं उनका उत्साहवर्धन किया। रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के सीईओ श्री एम के राउत ने कहा कि प्रदेश में पहली बार एमबीबीएस चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार के लिए ले-लेक्चरर का प्रशिक्षण दिया गया। ये चिकित्सक, जिलो में जाकर जूनियर रेडक्रॉस और यूथ रेडक्रॉस के स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस की यह योजना है कि सभी पंचायतों में कुछ व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जाए। श्री राउत ने बताया कि सभी प्रशिक्षार्थियों ने लगन से प्रशिक्षण लिया है। भविष्य में इन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जायेगा। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के चेयरमेन श्री अशोक अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। आभार प्रदर्शन सचिव रेडक्रॉस ड्रॉ. रूपल पुरोहित ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार श्री राजेश श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर श्री नरेश गोविल, श्री यशवंत चंद्राकर सहित सभी प्रशिक्षार्थी चिकित्सक उपस्थित थे।

## वनवासी विकास समिति का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न




**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के विभिन्न महाविद्यालयों में फरवरी माह में आयोजित जनजाति नायकों की गौरव गाथा पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी, आज कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन केदार कश्यप के द्वारा इस प्रतियोगिता के विजयी प्रत्याशियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के पूजन से शुरू हुआ। प्रथम पुरस्कार लैपटॉप मोना साहू ,पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, द्वितीय पुरस्कार देव चरण नागेश ,विज्ञान महाविद्यालय एवं तृतीय पुरस्कार मानस रंजन हायबूरु एन आई टी ने जीता।

सभी अतिथियों के औपचारिक स्वागत पश्चात ,कार्यक्रम का संचालन करते हुए, रूपरेखा एवं प्रस्तावना पर रायपुर महानगर सचिव श्री राजीव शर्मा ने अपने विचार रखें। ,तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर आईआईटी भिलाई श्री राजीव प्रकाश ने बताया की आई आई टी भिलाई द्वारा जनजातियों के विभिन्न पहलुओं को लेकर लगभग 50 प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहे हैं आदिवासियों का गौरव स्वतंत्रता संग्राम के पूर्व से ही रहा है।

कैबिनेट मंत्री श्री केदार कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा की जनजातीय के रहन-सहन उनकी सभ्यता और संस्कृति के बारे में इतिहास में कोई विशेष उल्लेख नहीं है यह जानने के लिए यदि हम जनजाति क्षेत्र में जाकर देखें तो वास्तविक जानकारी हासिल की जा सकती है।

पूर्व आईएएस श्री नीलकंठ टेकाम जी ने कहा कि जनजातीय समूह सामान्य सरल, सहज और स्वभाव का होता है, पूर्व में विभिन्न संप्रदाय के लोगों ने इसका फायदा उठाकर अपने सभ्यता की ओर खींचने का भरपूर प्रयास किया। अब प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के नियम, सहायता देकर उनको जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं भारतवर्ष के प्रमुख जनजाति नायकों की बारे में प्रदर्शनी लगाई गई । ग्रेसियस कॉलेज अभनपुर एवं शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

आभार प्रदर्शन डॉक्टर अनुराग जैन के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में उद्बोधनकर्ता अतिथियों के साथ-साथ अध्यक्षता माननीय श्री उमेश कश्यप जी ने की, मुख्य वक्ता के रूप में श्री रामनाथ कश्यप जी ने वनवासी समाज के इतिहास एवं वर्तमान स्थिति के बारे में बताया ,इस अवसर पर रायपुर महानगर अध्यक्ष श्री रवि गोयल, प्रवीन महेश्वरी, विभिन्न महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं प्रतियोगिता में शामिल रहे विद्यार्थी के साथ-साथ अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबंधित सभी शहर एवं प्रांत के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आचार संहिता प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण पर कार्यवाही शुरू

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर लोकसभा आम चुनाव 2024 की तिथियों की घोषणा की गई। इसके साथ ही आदर्श आचरण संहिता भी जिले में प्रभाशील हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के एल चौहान के निर्देशानुसार सभी नगरीय निकायों, जनपद मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायतों के सभी शासकीय भवनों से संपत्ति विरूपण पर टीम द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई। इसके तहत सभी शासकीय भवनों सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर, हॉर्डिंग्स, फ्लिक्स, झंडा, पोस्टर आदि को हटाया जा रहा है। इसके साथ ही दीवार लेखन को भी मिटाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता प्रभावी होने के 48 घंटे के अंदर सभी शासकीय भवनों से, 72 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थानों से तथा निजी भवनों से 96 घंटे के अंदर संपत्ति विरूपण पर कार्यवाही पूरा करना है।

## आबकारी विभाग की जारी टेलीफोन शिकायत नम्बर को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया

**दुर्ग (आरएनएस)।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार व सहायक आयुक्त आबकारी श्री राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण एवं परिवहन के नियंत्रण हेतु आम नागरिकों की सहभागिता के लिए टेलीफोन शिकायत नम्बर उपलब्ध करायी गई है, जिसके अन्तर्गत आबकारी विभाग दुर्ग के कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर 24ग7 घण्टे सम्पर्क किया जा सकता है । साथ ही अपने आस - पास के क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं धारण करने वाले आरोपियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। सहायक आयुक्त आबकारी, श्री राजेश जायसवाल ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा जारी किया गया टेलीफोन शिकायत नम्बर का सकारात्मक प्रतिक्रिया लोगो से प्राप्त हो रही है। फलस्वरूप विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं चौर्यनयन करने वाले व्यक्तियों पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।

विभाग द्वारा विगत दिवस 04 प्रकरण कायम किये गये प्रथम प्रकरण में आरोपी प्रेमेन्द्र बघेल, पिता मतिराम बघेल, निवासी - सरस्वती कुंज रिसाली के कब्जे से 130 नग देशी मदिरा मसाला पाव, मात्रा 23.4 बल्क लीटर, जिसका बाजार मूल्य 14300 रूपये है, जप्त किया जाकर धीरज कन्नौजिया, सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर विवेचना में लिया गया। एक अन्य प्रकरण में आरोपिया एम. पार्वती, पति दिनेश, निवासी - स्टील नगर, थाना वैशाली नगर के कब्जे से 25 नग मसाला पाव, कुल मात्रा 4.5 बल्क लीटर, जिसका बाजार मूल्य 2750 रूपये है। अवैध रूप से विक्रय करते हुए श्रीमती सुप्रिया शर्मा, सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत विवेचना में लिया गया। आरोपी राजू राम मंडे, ग्राम कचादुंर, चौकी जेवरा सिरसा के कब्जे से 21 नग पाव देशी मदिरा मसाला, मात्रा 3.78 बल्क लीटर, जिसका बाजार मूल्य 2310 रूपये है, जप्त किया जाकर श्रीमती निर्मला ठाकुर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत विवेचना में लिया गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /10255/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 18-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10255**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801P00278** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SNEHA MANSAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANOJ MANSAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. CHOTELAL KUSHWAHA S/O JAGDISH KUSHWAHA 2. BABITA KUSHWAHA W/O CHOTELAL KUSHWAHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती ....... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री अरूण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार,**
**रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत **डुमरतराई फेस-I-रायपुर** में स्थित **256 ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट क्रमांक** 196/ **ब्लॉक 13 भू-तल, श्रीमती सावित्री साहू, पति श्री अरूण कुमार साहू** के नाम इस कार्यालय के आबंटन **आदेश क्रमांक**-1069, दिनांक **04.02.2011** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा फ्लैट का लीजडीड निष्पादित दिनांक **19.01.2012** को निष्पादन किया गया है। मूल आबंटी **श्रीमती सावित्री साहू, पति श्री अरूण कुमार साहू,** निवासी- अछोटी धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर, उक्त फ्लैट को विक्रय करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त फ्लैट के **विक्रय अनापत्ति** के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**

# निष्पक्ष, पारदर्शी और शांति पूर्ण चुनाव कराना प्राथमिकता : कलेक्टर अजीत

## पेड न्यूज,राजनीतिक विज्ञापन सहित सोशल मीडिया पर चुनावी प्रचार की होगी मॉनीटरिंग




**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोरबा जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभावशील हो गई है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराना प्राथमिकता रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तिथियों की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में निर्वाचन होना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन हेतु अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल 2024, नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नामांकन की स्क्रूटनी 20 अप्रैल, नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल, मतदान की तिथि 07 मई एवं मतगणना की तिथि 04 जून 2024 निर्धारित है। आदर्श आचार संहिता अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं जनता सभी के लिए प्रभावी है। आदर्श आचरण संहिता के दौरान रात्रि 09 बजे से सुबह 06 बजे के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों को प्रतिबंधित किया गया है। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित किए गए हैं। पूर्व में जारी किए शस्त्रों के लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे। आदर्श आचारसंहिता लागू होते ही 24 घंटे के अंदर शासकीय संपत्ति पर, 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक संपत्ति पर और 72 घंटे के भीतर निजी संपत्ति पर सहमति के बिना लगाए गए विज्ञापनों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान जनप्रतिनिधियों को सभा आयोजित करने के लिए, वाहन उपयोग के लिए अनुमति लेना जरूरी है। जिले में बिना किसी भय एवं पक्षपात के निष्पक्ष रूप से लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।

# सीए व टैक्स बार एसो. की बैठकः सांसद प्रत्याशी सरोज बोलीं तीन साल में देखें रिपोर्ट कार्ड

### रेलवे और एयर कनेक्टिविटी को बेहतर करने होगा काम



**कोरबा(विश्व परिवार)।** शनिवार को कोरबा जिला अंतर्गत सीए एवं टैक्सबार एसोसिएशन की बैठक में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व लोकसभा सांसद प्रत्याशी डॉ सरोज पांडेय शामिल हुई। इस दौरान एशोसिएशन ने अपनी प्रमुख समस्याओं से सुश्री पांडेय को अवगत कराया, जिसपर उन्होंने जल्द निराकरण की बात कहीं। राष्ट्रीय नेता के साथ सीधे सवांद कर एसोशिएशन के सदस्य काफी उत्साहित नजर आ रहे थे और कुछ अपने विचार भी उनके सम्मुख रखे। डॉ सरोज पांडेय ने कहा कि विपक्ष बार-बार मुझ पर बाहरी प्रत्याशी होने का आप लग रही है लेकिन मैं पूछना चाहूंगी कि आपकी वर्तमान सांसद कहां की निवासी है। उन्होंने कहा कि अब मेरा निवास कोरबा हो गया है, अब मैं हमेशा के लिए आपके सुख और दुख दोनों में साथी हूं। सुश्री पांडेय ने कहा कि मैंने ऊर्जा नगरी को घूम कर देखा, जितनी अपार यहां संभावनाएं हैं, उतना इस क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया है। खराब सडके एवं प्रदूषण ने इस क्षेत्र का दूसरा ही पहचान बना दिया है। हम यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का उपयोग करके एक सुंदर शहर और क्षेत्र बनाने के लिए काम करेंगे। यहां बेहतर शिक्षा, चैड़ी सडक एवं सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, रेलवे, एयर कनेक्टिविटी हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को संवारने के लिए आप सब का सहयोग चाहिए, आप सभी कोरबा जिले की दिशा तय करने वाले लोग हैं। मुझे केवल 3 साल दीजिए फिर मेरा रिपोर्ट कार्ड देखिए, आपको बेहतर सांसद मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेरा घर, मेरा परिवार मेरी जनता है, जिनके लिए मैं 24 घंटा उपलब्ध हूं। अपने पिछले 5 वर्ष ऐसे सांसद को मौका दिया जिसने दोबारा क्षेत्र की ओर झांका तक नहीं है। एक बार विकास के लिए हमे मौका दीजिए।

# चोरों ने जलोपचार संयंत्र के केबल को किया पार, पानी आपूर्ति ठप्प

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकासनगर में स्थापित जलोपचार संयंत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर केबल को पार कर दिया। सिकी वजह से पानी की सप्लाई ठप्प हो गई और लोगों को इसके लिए इधर-उधर भटकना पड़ा जानकारी मिलने पर एसईसीएल के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर व्यवस्था की बहाली में जुट गए है। वहीं इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल की कालोनियों में पानी सप्लाई हेतु विकासनगर में जलोपचार संयंत्र स्थापित किया गया है। जहां नदी के पानी को फिल्टर तक क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जाती है। इस व्यवस्था में कई मोटर व हजारों मीटर केबल की अवश्यकता पड़ती है। जो बिजली की मदद से कार्यको अंजाम देते है। मोटर व केबल में कीमती तांबा लगा होता है। जिस पर चोरो की नजर लगी रहती है। बीती रात चोरो ने एक बार फिर प्लाट में धावा बोलकर यहां लगे 60 मीटर केबल वायर कीमत 3 लाख को पार कर दिए बताया जाता है कि प्लाट में कर्मचारी तैनात थे। हुटर बजने पर उसने अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दी । आनन-फानन में एक कर्मचारी प्लाट तक पहुंचे तबतक चोर केबल वायर को लेकर भाग गए थे। सुबह होने पर एसईसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और नए केबल कनेक्शन करा कर पानी सप्लाई करने की कवायद शुरू की की। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पानी की सप्लाई बाहार नही हो सकी थी ।

# आचार संहिता लागू : नियम से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार की शाम आचार संहिता के प्रभावशील होने के साथ पुलिस एक्शन मोड पर आ गई है। हर तरफ इसका नजारा देखने को मिल रहा है। सभी क्षेत्रों में पुलिस की सख्ती अपराध नियंत्रण के साथ-साथ नियम कानून का पालन कराने को लेकर दिखने लगी है। किसी भी स्तर पर एप्रोच की गुंजाईश नहीं होने के दावें किये जा रहे है। लोगों से कहा गया है कि व्यवस्था में सहयोग करे और नियम भी माने। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के अंतर्गत 7 मई को चुनाव संपन्न होंगे। निर्वाचन आयोग ने एक दिन पहले जारी कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। हालांकि प्रशासन की ओर से प्राथमिक तैयारी पहले ही शुरू कर दी थी। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली 8 सीटों में 16 लाख से ज्यादा मतदाता है जो अपने अगले सांसद को चुनने के लिए निर्णायक भूमिका निभायेंगे। निर्वाचन को लेकर प्रशासन ने आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी है। उक्तानुसार जिले में इस पर अमल कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों को दी गई है। इस दौर में क्या करना होगा और किन चीजों से बचने की जरूरत है, इसे प्रेस कॉफ्रेंस में स्पष्ट किया गया। नये दौर में पुलिस पूरी तरह से फ्रीहेण्ड हो गई है। इसलिए अब हर कहीं पुलिस की उपस्थिति के साथ-साथ कार्रवाई की तस्वीरें दिखाई दे रही है। बताया गया कि चुनाव और होली के मद्देनजर वैसे भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाने के साथ-साथ किसी भी तरह से यातायात से जुड़े मामले में लापरवाही बरतने पर तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें पैनाल्टी से लेकर जब्ती का प्रावधान भी है।

# चुनाव के पहले एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** आपरेशन प्रहार के तहत बिलासपुर जिले में की गयी सघन जांच। अभियान के तहत रेलवे जंक्शन बिलासपुर, उसलापुर स्टेशन ,बिल्हा चकरभाठा स्टेशन, जयरामनगर गतौरा स्टेशन, की चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन और उसके आस पास बाहर से आकर डेरा लगा कर, बिना मुसाफिरी दर्ज करा रहने वाले 250 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियो को किया गया चेक। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर में बाहर से आकर डेरा लगाने वाले, होटल लॉज, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड मे संदिग्ध व्यक्तियो चेकिंग करने निर्देशित किया गया हैं जिसके परिपालन में शहर के प्रशिक्षु आई.पी.एस., राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियो, एसीसीयू प्रभारी द्वारा मुख्य रेल्वे स्टेशन बिलासपुर, रेलवे स्टेशन उस्लापुर, रेल्वे स्टेशन जयराम नगर, रेल्वे स्टेशन गतौरा, रेल्वे स्टेशन बिल्हा, रेल्वे स्टेशन कोटा, तथा सभी थाना क्षेत्र के बस स्टैण्ड में बाहर से आकर डेरा लगाने वाले, बिना मुसाफिरी दर्ज कराए तथा संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग की गई। डेरा लगाने वालो, बिना मुसाफिर दर्ज कराए लोगो तथा होटल लॉज में बाहर से आकर रूके लोगो को चेक किया गया। चेकिंग में मध्य प्रदेश,महाराष्ट्र,उत्तर प्रदेश के व्यक्ति तथा मध्य प्रदेश के पारधी, कंजर समुदाय के लोग भी जिले में भ्रमण करते पाए गए। जो जिले में कभी भी चोरी लूट डकैती या अन्य अपराध कर ट्रेन से भाग सकते है थे। अत:संदिग्ध पाए गए लोगो के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली द्वारा 11 लोगो तथा थाना तोरवा द्वारा 09 लोगो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। जिससे अपराधों पर नियंत्रण के साथ ही आम जनता में सुरक्षा का वातावरण बनता है। बिलासपुर पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्व अपराध की रोकथाम हेतु कार्यवाही की गई है। बिलासपुर पुलिस आम जनता से अपील करती है कि बिना पहचान पत्र/मोबाईल नंबर के किसी भी बाहरी व्यक्ति को कमरा किराए पर ना दे। बाहरी व्यक्तियो को भवन किराए पर देने के बाद दस्तावेज समेत जानकारी संबंधित थाना में जमा करा देवें। आने वाले दिनो में बिलासपुर पुलिस द्वारा अभियान चलाकर किराएदारो की सघन जांच की जाएगी। मकान मालिक द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की जावेगी।

# खनिज नगरी दल्लीराजहरा में हुआ हिंदी कार्यशाला का आयोजन




**दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)।** आयरन ओर कॉम्प्लेक्स, खनिज नगरी राजहरा के एम.वी.टी. सेन्टर में 15 मार्च को अरुण कुमार, महाप्रबंधक (महामाया एवं दुलकी) के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला एवं कवि-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सी.श्रीकांत महाप्रबंधक (राजहरा खदान), विपिन कुमार, महाप्रबंधक (मेन्टेनेन्स एण्ड सर्विसेस), पंकज कुमार, उप महाप्रबंधक (दल्ली यन्त्रीकृत खदान), सत्येन्द्र कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रशिक्षण एवं सुरक्षा) एवं मनीष जायसवाल, उप महाप्रबंधक (दुलकी खदान) उपस्थित थे। कार्यशाला में सर्वप्रथम शमशाद रज़ा, उप महाप्रबंधक (भूगर्भ शास्त्र) एवं विभागीय समन्वय अधिकारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि, राजहरा लौह अयस्क खदान समूह द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रचार- प्रसार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राजहरा में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं साहित्यिक आयोजन किए जाते हैं। हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है द्य यही कारण है कि राजहरा खदान को हिंदी के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन के लिए कई वर्षों से लगातार प्रतिष्ठित निदेशक प्रभारी राजभाषा वैजयंती पुरस्कार मिला है। जितेन्द्र दास मानिकपुरी उप प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन राजभाषा) ने गूगल आनलाइन वाइस टाइपिंग का सजीव प्रदर्शन कर आनलाइन नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। राजभाषा अधिनियम, नियमों एवं सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी और सामान्य ज्ञान, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण एवं वित्तीय शब्दावली पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसके विजेता इस प्रकार रहे द्य प्रथम कपिल नायडू वरिष्ठ प्रबंधक (कलवर खदान), ?द्वितीय विनीत कुमार सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक (संविदा प्रकोष्ठ), तृतीय सोमित दत्ता, उप प्रबंधक (मेन्टेनेन्स एण्ड सर्विसेस)। प्रोत्साहन पुरस्कार अमित कुमार सिन्हा उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) , मनीष बसंत लाल, माइनिंग फोरमेन तथा घनश्याम पारकर, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी। मुख्य अतिथि अरुण कुमार ने अपने उ?द्बोधन में हिंदी को समय की मांग और अत्यंत ही उपयोगी बताया और कहा कि, हिंदी में कार्यालयीन कामकाज राष्ट्र की प्रगति तथा आम व्यक्ति की उन्नति के लिए अत्यंत ही लाभकारी है। वाइस टाइपिंग के विषय में उन्होंने कहा कि, अब हिंदी में टाइपिंग करना केवल बातचीत करने जितना आसान हो गया है। हम सभी हिंदी में यथासंभव और अधिकाधिक कार्य करने का प्रयास करें। ताकि हिंदी में कार्यालयीन कार्य करना कोई भी व्यक्ति कठिन ना समझें।

## संक्षिप्त समाचार

### तानाखार विधानसभा के हजारों कांग्रेस नेताओं ने भाजपा प्रवेश किया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के पाली तानाखार विधानसभा के दिग्गज कांग्रेस नेताओं के साथ लगभग 1200 से अधिक की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश कर लिया है. प्रमुख रूप से कांग्रेस के पाली नगर पंचायत अध्यक्ष, पाली के कद्दावर कांग्रेस के जिला महामंत्री शैलेश सिंह ठाकुर ने बीजेपी की सदस्यता ली। बता दें कि कोरबा लोकसभा बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडे और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और धरमलाल कौशिक के कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने सभी को भगवा गमछा पहनाकर भाजपा पार्टी में स्वागत किया। कोरबा लोकसभा संयोजक धरमलाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में भगदड़ मच गई है. अब उन्हें लगने लगा है कि उनकी नाव डूबने जा रही है, इसलिए कांग्रेस की जहाज में कोई बैठना नहीं चाहता। सरोज पांडे ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर बीजेपी में प्रवेश किए हैं, हमारा परिवार बड़ा हुआ. हम सभी मिलकर क्षेत्र के विकास की शुरुआत करेंगे।

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एक नाबालिग छात्र ने दूसरे स्कूल की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म किया. मामले का खुलासा तब हुआ जब छात्रा प्रेग्नेंट हो गई. इस घटना की शिकायत पीड़िता के परिजनों ने थाने में की है. पुलिस अपचारी बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. यह मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है. मामले की पुष्टि एसपी शशि मोहन सिंह ने की है. जानकारी के अनुसार, बगीचा थाना अंतर्गत 11वीं कक्षा के एक नाबालिग छात्र ने दूसरे स्कूल की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म किया. छात्रा के प्रेग्नेंट होने पर मामले का खुलासा हुआ. जिसके बाद पीड़ित के परिजनों ने बगीचा थाने में इस घटना की शिकायत की. जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और अपचारी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है.

### लोक सभा निर्वाचन 2024 जिले में धारा 144 लागू

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं भयमुक्त वातावरण में मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने के दृष्टिगत जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा अस्त्र-शस्त्र धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया में असामाजिक तत्वों द्वारा भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित कर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा खड़ी न की जा सके तथा मतदाताओं में किसी भी प्रकार का भय पैदा न हो एवं वे भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने एक आदेश जारी कर 16 मार्च 2024 से जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरी, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशूल, खुकरा, सांग एव बल्लम अथवा अन्य अस्त्र शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। जो व्यक्ति शासकीय कर्तव्य पर है वे ड्यूटी के दौरान अस्त्र शस्त्र धारण कर सकेगा। यह आदेश आदर्श आचार संहिता प्रभावशील रहने की अवधि तक प्रभावशील रहेगी।

### कोतवाली में पटेल, ऊरगा में वर्मा ने संभाला पदभार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा चुनाव के आचार संहिता लगने से 24 घंटे पहले कोरबा जिले में पुलिस अधीक्षक ने कई थाना के प्रभारी को बदल दिया। वहां पर नए निरीक्षक की स्थापना की गई है। इसके अंतर्गत कोरबा कोतवाली में एस पटेल और ऊर्गया में कृष्ण कुमार वर्मा ने कामकाज संभाल लिया। इससे पहले ऊरगा में पदस्थ रहे निरीक्षक युवराज तिवारी को कॉलफील्ड्स दीपिका थाना की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि कोतवाली प्रभारी नितिन उपाध्यात का स्थानांतरण अन्यत्र कर दिया गया। उनके स्थान पर दूसरे जिले से स्थानांतरण पर आए मोती पटेल की पदस्थापना की गई है। वह पहले भी कोरबा जिले में रह चुके हैं। इनके अलावा दरी के थाना प्रभारी रूपक शर्मा को कुसमुंडा थाना भेज दिया गया है। बालको नगर में प्रशिक्षण डीएसपी अश्विनी कंवर को थाना प्रभारी का दायित्व दिया गया है। इन सभी के द्वारा नवीन पद स्थापना में प्रभार ले लिया गया है। सभी प्रभारियों ने कहा कि वे अपराध नियंत्रण की दिशा में अपने क्षेत्रों में काम करेंगे।

## संपादकीय

### विवादित नेताओं की फिर कटी टिकट.....

भाजपा में विवादित नेताओं की टिकट कटने का सिलसिला जारी है। पार्टी ने पहली सूची में कई विवादित नेताओं को बेटिकट किया है। अक्सर अपने बयानों से विवादों में रही भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को इस बार पार्टी ने टिकट नहीं दिया है तो संसद के अंदर बसपा सांसद दानिश अली पर विवादित बयान देने वाले रमेश विधूड़ी को भी टिकट नहीं मिली। यह सिलसिला दूसरी सूची में भी जारी रही। भाजपा ने 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक के दो ऐसे सांसदों की टिकट काटी है, जो पिछले कुछ दिनों से किसी न किसी कारण से विवादों में घिरे रहे थे और उनकी वजह से पार्टी को बैकफुट पर आना पड़ा। भाजपा ने इस बार कर्नाटक से अपने सांसद प्रताप सिम्हा की टिकट काट दी। पिछले दिनों वे इस बात को लेकर विवाद में आए थे कि उनकी सिफारिश पर कुछ लोगों का सांसद का पास बना था, जिन्होंने संसद भवन के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। दो लोगों ने तो संसद की दर्शक दीर्घा से सदन के अंदर छलांग लगा दी थी और धुआं छोड़ा था। बाद में इनको गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि इस सिलसिले में प्रताप सिम्हा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीत कर संविधान बदलने का बयान देने वाले भाजपा सांसद अनंद हेगड़े की टिकट भी कट गई है। उनके इस बयान पर भाजपा ने बहुत नाराजगी जताई थी और कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था।

## विचार

### भाजपा के सहयोगियों को खास सुरक्षा.........

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने खुले हाथ से सुरक्षा बांटी है। देश के हर हिस्से में बड़ी संख्या में ऐसे नेता मिल जाएंगे, जिनको वाई या जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली है। अगर नेता भाजपा की सहयोगी पार्टी का है तो उसको सुरक्षा मिलने की संभावन ज्यादा रहती है। भाजपा के प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोगियों को अलग अलग श्रेणियों की सुरक्षा मिली हुई है। भाजपा ने अपने नेताओं को भी सुरक्षा देकर उनका कद बढ़ाया है। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद तो भाजपा ने पश्चिम बंगाल में जीते अपने सभी 75 विधायकों को केंद्रीय सुरक्षा बलों की सुरक्षा मुहैया करा दी थी। इसी तरह महाराष्ट्र में शिव सेना और एनसीपी टूटने के बाद कई नेताओं को सुरक्षा दी गई। हाल में दो नेताओं को मिली सुरक्षा चर्चा का विषय है। भाजपा की सहयोगी और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। केंद्रीय मंत्रियों को मिलने वाली सुरक्षा उनको पहले से मिली थी लेकिन उसे अपग्रेड किया गया है। बताया जा रहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव में वे दो की बजाय तीन सीट मांग रही थीं। दूसरी दिलचस्प बात यह है कि बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती के भतीजे आकाश आनंद को भी वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। पिछले ही दिनों मायावती ने उनको अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है और साथ ही विपक्ष की पार्टियों के साथ तालमेल नहीं करने का ऐलान भी किया।

### एजेंसियों के छापों से बॉन्ड वसूली

अभी जब तक यह पता नहीं चलता है कि किस कंपनी ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है तब तक इसे संयोग ही मानें कि चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली पांच सबसे बड़ी कंपनियों में से तीन के यहां प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने छापा मारा था। इस बात को थोड़ा और विस्तार दें तो एक आंकड़ा यह है कि 12 अप्रैल 2019 से लेकर 24 जनवरी 2024 तक यानी करीब पांच साल में जिन कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड खरीदा है उनमें से 30 सबसे बड़ी कंपनियां ऐसी हैं, जिनमें से 14 के यहां किसी न किसी केंद्रीय एजेंसियों का छापा पड़ा है या कार्रवाई शुरू हुई है। यह भी संयोग है कि कुछ कंपनियों को बड़े सरकारी ठेके मिले उससे ठीक पहले या ठीक बाद उन्होंने चुनावी बॉन्ड खरीदे। सो, जब तक सारे आंकड़े नहीं आते हैं और जब तक बॉन्ड के यूनिक कोड से मिलान नहीं हो जाता है कि किसका खरीदा बॉन्ड किसको मिला तब तक इसे संयोग मानें। लेकिन उन आंकड़ों के बगैर यह तो हकीकत है कि सबसे 50 फीसदी से ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है तो केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के दायरे में आई कंपनियों का भी ज्यादा चंदा उसी के खाते में गया होगा। बहरहाल, सबसे ज्यादा चुनावी बॉन्ड लॉटरी किंग के नाम से मशहूर सैंटियागो मार्टिक की कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने खरीदी हैं। कंपनी ने 27 अक्टूबर 2020 से पांच अक्टूबर 2023 तक यानी तीन साल में 1,368 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। इस बीच 2022 में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की थी और धन शोधन के मामले में उसकी 409 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी। इसी तरह सबसे ज्यादा बॉन्ड खरीदने वाली दूसरी कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड है, इसने 966 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। इस कंपनी के ऊपर अक्टूबर 2019 में आयकर विभाग ने छापा मारा था। इसके बारे में एक रिपोर्ट यह भी है कि कंपनी ने महाराष्ट्र में ठाणे-बोरीवली टनल रोड का 14 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा ठेका मिलने से एक महीने पहले 140 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा था। ऐसे ही तीसरी बड़ी कंपनी है वेदांता लिमिटेड। इस ग्रुप की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड, के ऊपर अगस्त 2022 में धन शोधन के एक मामले में ईडी ने छापा मारा था। इस समूह ने कुल मिला कर चार सौ करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। चौथी बड़ी कंपनी हल्दिया एनर्जी लिमिटेड। इस कंपनी ने 377 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा था। इसके खिलाफ मार्च 2020 में सीबीआई ने कार्रवाई की थी। इसी तरह हैदराबाद की कंपनी यशोदा सुपर हॉस्पिटल के ऊपर दिसंबर 2022 में आयकर का छापा पड़ा था। हालांकि कंपनी ने इससे एक साल पहले ही अक्टूबर 2021 में 162 करोड़ रुपए का बॉन्ड खरीदा था। डीएलएफ कॉमर्शियल डेवेलपर्स लिमिटेड के यहां जनवरी 2019 में सीबीआई ने और नवंबर 2023 में ईडी ने छापा मारा था। इस कंपनी ने 130 रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड ने 123 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। इस कंपनी के ऊपर अप्रैल 2022 में ईडी ने कार्रवाई की थी। इस तरह के कई पैटर्न आंकड़ों का विश्लेषण करने पर मिल रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बताया गया है कि नवंबर 2022 में एक ही दिन अनेक बड़ी दवा कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड खरीदे थे। उनके बॉन्ड किसको गए और एक ही दिन खरीद का क्या राज था, यह भी कुछ समय के बाद ही पता चलेगा।

# देश में इस समय भला क्यों सीएए.....

अजीत द्विवेदी

केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए लागू करने के लिए चार साल से ज्यादा समय तक इंतजार किया। इसलिए यह तो नहीं कहा जा सकता है कि सत्तारूढ़ भाजपा को इसके असर का अंदाजा नहीं है। साढ़े चार साल के बाद अगर किसी कानून को अमल में लाया जा रहा है तो निश्चित रूप से उसके हर पहलू पर विचार किया गया होगा। सरकार के स्तर पर इसे लागू करने की प्रशासनिक व कानूनी चुनौतियों पर विचार किया गया होगा तो भाजपा के स्तर पर राजनीतिक चुनौतियों का आकलन किया गया होगा। जब तक भाजपा को इस पर अमल करने से फायदे की बजाय नुकसान ज्यादा दिखता रहा तब तक इसे रोका गया। अब इसे लागू किया जा रहा है तो इसका मतलब है कि भाजपा को नुकसान कम और फायदा ज्यादा दिख रहा है। यह भी कह सकते हैं कि इसे लागू करने के लिए हालात अभी अनुकूल दिख रहे हैं। लेकिन क्या अनुकूल हालात में लागू करने से इस कानून की चुनौतियां कम हो जाएंगी? चूंकि यह कानून लोकसभा चुनाव से ऐन पहले लागू हो रहा है इसलिए सबसे पहले इसके राजनीतिक पहलुओं पर ही विचार की जरुरत है। ध्यान रहे भाजपा की केंद्र सरकार ने दिसंबर 2019 में नागरिकता कानून में संशोधन किया था। अगर विशुद्ध राजनीतिक नजरिए से देखें तो इस पर अमल रोकने का कारण 2021 के मई में होने वाले विधानसभा चुनाव थे। मई 2021 में एक ही साथ असम और पश्चिम बंगाल दोनों के चुनाव होने वाले थे। अगर पश्चिम बंगाल का चुनाव अलग हो रहा होता तो सरकार इसे लागू कर सकती थी। लेकिन सरकार और भाजपा दोनों को अंदाजा था कि असम के चुनाव में इसका नुकसान हो सकता है। असम में इस कानून के खिलाफ ही लुरिनजोत गोगोई और अन्य लोगों ने मिल कर असम जातीय परिषद का गठन किया था और इसके खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। अस्सी के दशक में हुए असम समझौते को लेकर बेहद




संवेदनशील कई जातीय समूहों ने इसका विरोध किया। उनकी चिंता है कि इस कानून के जरिए बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को भारत की नागरिकता मिल जाएगी और उसका असर असम की संस्कृति और भाषा दोनों पर होगा। उनको यह भी डर है कि असमी लोग अपने ही राज्य में अल्पसंख्यक हो जाएंगे और बांग्लाभाषियों की बहुलता हो जाएगी। उनकी यह आशंका सही है या नहीं यह बाद की बात है लेकिन इसका राजनीतिक नुकसान संभव था। तभी भाजपा की सरकार ने 2021 में जोखिम नहीं लिया था। लेकिन अब यह जोखिम लिया जा रहा है तो उसका कारण यह है कि भाजपा को इस बार असम में नुकसान से ज्यादा पश्चिम बंगाल में फायदा दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश से आए मतुआ समुदाय के हिंदू प्रवासियों की आबादी करीब दो करोड़ है और राज्य की 10 लोकसभा सीटों पर बहुत स्पष्ट प्रभाव है। पिछले विधानसभा चुनाव में इनके असर वाले इलाकों में भाजपा ने 18 सीटें जीती थीं, जहां उससे पहले भाजपा को सिर्फ तीन सीट मिली थी। इस बार मतुआ आबादी वाले इलाके में भाजपा को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। असम में इसका विरोध होगा लेकिन वहां भी करीब 20 लाख ऐसे हिंदू प्रवासी हैं, जिनको इस कानून का लाभ मिलेगा। ध्यान रहे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी में भी असम में 19 लाख लोगों के नाम नहीं शामिल हुए हैं। इनमें से ज्यादातर हिंदू हैं। उनको इस कानून के जरिए नागरिकता मिलेगी। सो, भाजपा को उम्मीद है कि असम में भी नफा-नुकसान का संतुलन बन जाएगा। अगर कानूनी चुनौतियों की बात करें तो दिसंबर 2019 में कानून बनने के कुछ दिन बाद से ही यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने इस कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। बाद में कांग्रेस के जयराम रमेश, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, एमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी आदि के साथ साथ असम गण परिषद और अन्य लोगों ने भी इस मामले में याचिका दायर की। अक्टूबर 2022 में तब के चीफ जस्टिस यूयू ललित ने इस पर दिसंबर 2022 से सुनवाई का फैसला किया था। लेकिन उनके रिटायर होने के बाद से यह मामला लंबित है। इन याचिकाओं में दो मसले अहम हैं। पहला मसला संविधान के अनुच्छेद 14 में दिए गए समानता के सिद्धांत का है और दूसरा मसला असम और केंद्र सरकार के बीच 1985 में हुए असम समझौते का है। संविधान के अनुच्छेद 14 के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के साथ धर्म, जाति, नस्ल, रंग या लिंग के आधार पर किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जा सकता है। इसके जरिए कानून के समक्ष सबकी समानता सुनिश्चित की गई है। लेकिन नागरिकता संशोधन कानून धर्म को भेदभाव का आधार बनाता है। इसमें कहा गया है कि भारत के तीन पड़ोसी देशों- पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से प्रताड़ित होकर आने वाले गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। यानी मुस्लिम को छोड़ कर हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और यहां तक कि इसाइयों को भी भारत की नागरिकता मिलेगी। सो, पहली नजर में यह धर्म के आधार पर भेदभाव दिखाई देता है। हालांकि सरकार का कहना है कि जिन तीन देशों का जिक्र किया गया है वो तीनों इस्लामिक देश हैं इसलिए मुस्लिम के वहां प्रताड़ित होने और पलायन करने की बात नहीं मानी जा सकती है। इस आधार पर याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा है कि सीएए और एनआरसी दोनों को मिला कर देखें तो असम में मुस्लिमों के साथ भेदभाव हो सकता है और उनको टारगेट किया जा सकता है। इसमें यह सवाल भी उठाया गया है कि अगर मुस्लिमों को टारगेट करना इसका लक्ष्य नहीं है तो फिर श्रीलंका से प्रताड़ित होकर आने वाले तमिलों का इसमें जिक्र क्यों नहीं है? दूसरा मसला असम समझौते का है, जो 1985 में केंद्र और असम सरकार के बीच हुआ था। इसके मुताबिक बांग्लादेश से आने वाले अवैध प्रवासियों के लिए एक कटऑफ डेट तय की गई थी। यह मामला भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। यह मामला 1995 के नागरिकता कानून में जोड़ी गई धारा 6ए से जुड़ी है। यह धारा असम समझौते के बाद जोड़ी गई थी, जिसमें कहा गया था कि 25 मार्च 1971 तक भारत आने वाले बांग्लादेशियों को नागरिकता मिलेगी। उसके बाद आने वालों को अवैध माना जाएगा।

# पर्यटन प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बने हिमाचल

मैंने हिमाचल प्रदेश सरकार तक इस लेख के माध्यम से विकास एवं पर्यटन संभावनाओं में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत कुछ ऐसे क्षेत्रों में विद्यमान अपर्याप्त सुविधाओं की कहानी एवं मांग को पहुंचाने की कोशिश की है ताकि राज्य सरकार व्यावसायिक तौर-तरीके अपनाकर हिमाचल की पर्यटन आर्थिकी को पटरी पर लाने के लिए काम करे पर्यटन मंत्रालय की पर्यटन सांख्यिकी रिपोर्ट 2023 से यह खुलासा हुआ है कि वर्ष 2022 में 85.9 लाख विदेशी पर्यटक भारत आए। इनमें सर्वाधिक पर्यटकों को आकर्षित कर गुजरात शीर्ष पर रहा। गुजरात में कुल 17.8 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे तो महाराष्ट्र में 15.1, पश्चिम बंगाल में 10.4, दिल्ली में 8.2 और उत्तर प्रदेश में 6.5 लाख विदेशी पर्यटकों ने दस्तक दी। हमारे देश में सबसे ज्यादा विदेशी पर्यटक अमरीका से आते हैं। उसके बाद पड़ोसी बांग्लादेश से पधारते हैं। आंकड़ों की बानगी से देखें तो वर्ष 2022 में अमरीका से 22.19 फीसदी, बांग्लादेश से 20.29 फीसदी, ब्रिटेन से 9.98 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया से 5.96 प्रतिशत और कनाडा से 4.48 प्रतिशत विदेशी पर्यटक भारत आए। वहीं हम हिमाचल में कुल विदेशी और देसी पर्यटकों की आमद का विश्लेषण करें तो वर्ष 2023 में भारतीय पर्यटकों के अलावा विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। वर्ष 2023 में 62806 विदेशी पर्यटक, 1.59 करोड़ से अधिक भारतीय पर्यटकों ने हिमाचल के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया था। चूंकि दूसरे राज्यों के मुकाबले हिमाचल आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या मामूली सी नजर आती है, लिहाजा विदेशी पर्यटकों को हिमाचल आने और लुभाने के लिए पर्यटन विभाग को व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने की जरूरत है। वहीं दूसरी तरफजम्मू-कश्मीर में बढ़ती पर्यटकों की संख्या के दृष्टिगत भी हिमाचल से पर्यटकों के खिसकते आधार को पुख्ता बनाने की जरूरत है। हिमाचल प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन कारोबार का योगदान करीब 9 प्रतिशत है। लिहाजा हिमाचल आने वाले पर्यटकों को सस्ती एवं बेहतरीन सुविधाएं देने की खास आवश्यकता है। इसके लिए हिमाचल सरकार को न केवल पर्यटन सेवाओं का विस्तार और नियोजन करना होगा, अपितु उन कारणों का निवारण भी करना होगा कि किस प्रकार से पर्यटन निगम की होटल इकाइयों की कार्यप्रणाली को उत्तम सेवा प्रदाता संस्था बनाकर उसे लाभप्रद एवं लोकप्रिय बनाया जा सके। वर्तमान में पर्यटन विकास निगम प्रदेश में 55 होटलों का संचालन कर रहा है। इनमें से 24 लाभ में और 31 घाटे में चल रहे हैं। पर्यटन विभाग को दूसरे राज्यों के बेहतरीन एवं फायदे में चल रहे पर्यटन विकास निगमों के होटलों का तुलनात्मक सर्वे करवा कर वहां के मॉडल को हिमाचल में लागू करना चाहिए। यह अच्छी बात है कि हिमाचल प्रदेश सरकार साहसिक, धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन के बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रही है और भविष्य में सालाना पांच करोड़ पर्यटकों का स्वागत करने का लक्ष्य है। सरकार की एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की सहायता से पर्यटन विकास पर 2500 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना है। इसके साथ ही राज्य के सभी सरकारी विश्राम गृहों को ऑनलाइन रिजर्वेशन के द्वारा पर्यटकों के लिए खोलना चाहिए ताकि सरकार की आमदनी में बढ़ोत्तरी हो। हिमाचल पर्यटन विकास निगम के लगभग सभी कर्मचारी कुशल, विनम्र और व्यवहार कुशल हैं। लेकिन यदि आप किसी वेटर अथवा अन्य कर्मचारी से उनकी स्थायी नौकरी बारे जानकारी लेंगे तो आउटसोर्स कर्मचारी होने का उनका दर्द उनके चेहरों पर स्पष्ट रूप से उभर आता है। जाहिर है कि सरकार ही जब बेरोजगारों की मजबूरी का लाभ उठाने की फिराक में रहेगी, तो भला प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले कामगारों को कहां उचित वेतन-भत्ते मिलेंगे। महंगाई के इस दौर में 10-12 हजार की मामूली तनख्वाह में महीने भर का गुजारा कैसे होगा, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है। लडक़ों की तो शादियां होने से रहीं, क्योंकि आजकल लड़कियां सबसे पहले वेतन और पैकेज के बारे में तहकीकात करती हैं। सरकार माई-बाप है और उसे कम से कम प्राइवेट सेक्टर के मुकाबले सरकारी नौकरियों में जीवनयापन लायक वेतन-भत्तों और पेंशन की गारंटी देकर अपने कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करना ही चाहिए, ताकि कर्मचारी जोश और जज्बे के साथ अपनी सेवाएं मुस्कुराते हुए दे सकें। राज्य पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष और पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली कहते भी हैं कि हिमाचल प्रदेश में आधुनिक पर्यटन की संभावनाएं तलाशी जाएंगी और कांगड़ा जिले पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। रघुबीर सिंह बाली ने घोषणा की है कि फौज में सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को निगम के होटलों में रहने पर पचास फीसदी की छूट दी जाएगी। यह सुविधा उन्हें साल के आठ महीने मिलेगी, जबकि मार्च से लेकर जून के चार महीने तक उन्हें 30 फीसदी की छूट दी जाएगी। साथ ही होटल में रहने वाले फौजियों को खाने पर अतिरिक्त से 30 फीसदी की छूट दी जाएगी। मेरा सुझाव है कि इस सुविधा को भारत के सभी सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए भी बढ़ाया जाना चाहिए। बात है कि 01 फरवरी को केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री ने राज्यों को पर्यटन केंद्रों के व्यापक विकास और दुनियाभर में उनकी ब्रांडिंग, मार्केटिंग के लिए बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त केंद्रीय सहायता देने का आश्वासन दिया है। इन पर्यटन केंद्रों पर सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग भी दी जाएगी और साथ ही राज्यों को ब्याजमुक्त लोन दिया जाएगा ताकि पर्यटन क्षेत्रों का विकास हो सके। पर्यटन सेवाओं के पूर्णत: व्यवसायीकरण से ही हम बेहतरीन नतीजे हासिल कर सकते हैं। मैंने हिमाचल प्रदेश सरकार तक इस लेख के माध्यम से विकास एवं पर्यटन संभावनाओं में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत कुछ ऐसे क्षेत्रों में विद्यमान अपर्याप्त सुविधाओं की कहानी एवं मांग को पहुंचाने की कोशिश की है ताकि राज्य सरकार व्यावसायिक तौर-तरीके अपनाकर हिमाचल की पर्यटन आर्थिकी को पटरी पर लाने के लिए काम करे।

# कांग्रेस की एक एक सीट भी छीननी

हरिशंकर व्यास

भारतीय जनता पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहे मुताबिक 370 का लक्ष्य हासिल करने के लिए काम कर रही है। लेकिन इसके साथ साथ यह कोशिश भी है कि कैसे कांग्रेस की जीती हुई एक एक सीट भी उससे छीन ली जाए। भाजपा गंभीरता से इस बात के प्रयास कर रही है कि कांग्रेस को बिल्कुल खत्म कर दिया जाए। याद करें प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बजट सत्र में क्या कहा था? उन्होंने कांग्रेस के लिए कहा था कि अगली बार मतदाता दर्शक दीर्घा में बैठा देंगे। इसके बाद अभी पिछले दिनों एक राष्ट्रीय चैनल का चुनाव पूर्व सर्वेक्षण आया, जिसमें कहा गया कि कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल मिला कर 37 सीटें मिलेंगी। सोचें, 2014 में कांग्रेस को 44 और 2019 में 52 सीटें मिली थीं। इस बार 37 सीटों का अनुमान जाहिर किया जाता है। बहरहाल, पिछले चुनाव में कई राज्यों में कांग्रेस का खाता नहीं खुला था। कई राज्यों में कांग्रेस को एक एक सीट मिली थीं। बिहार, ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में कांग्रेस जैसे तैसे एक एक सीट जीतने में कामयाब रही थी। लेकिन इस बार भाजपा इन राज्यों में उसकी जीती एक एक सीट भी छीन लेने की राजनीति कर रही है। सोचें, झारखंड में भाजपा को कांग्रेस की जीती हुई सिंहभूम सीट छीनने का कोई दूसरा तरीका नहीं सुझा तो उसने कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को ही अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। मधु कोड़ा के ऊपर कई तरह के झूठे सच्चे आरोप लगाने के बाद अंत में भाजपा ने उनको अपनी पार्टी में लिया। अब कांग्रेस का प्रयास झारखंड में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन का खाता नहीं खुलने देने का है। बिहार में



कांग्रेस और समूचे गठबंधन ने पिछली बार 40 में से सिर्फ एक सीट जीती थी। किशनगंज की सीट पर जैसे तैसे कांग्रेस के मोहम्मद जावेद 34 हजार वोट से जीते थे। भाजपा, जदयू और लोजपा गठबंधन ने क्लीन स्वीप किया था। उसे 39 सीटें मिली थीं। भाजपा और लोजपा ने अपनी सभी सीटें जीती थीं। लेकिन 2020 में हुए लोकसभा चुनाव में राजद, कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन ने शानदार वापसी की। लोकसभा की एक सीट जीतने वाली कांग्रेस 19 सीटों पर जीती और जीरो सीट पर रही राजद ने 75 सीटें जीतीं। बाद में अगस्त 2022 में नीतीश कुमार भाजपा का साथ छोड़ कर राजद और कांग्रेस गठबंधन के साथ चले गए और भाजपा को हराने का संकल्प जताया। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने का प्रयास किया और गठबंधन बनवा भी दिया। तब भाजपा के नेता कहते रहे कि नीतीश के लिए पार्टी के खिड़की, दरवाजे सब बंद हैं। लेकिन जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आया। भाजपा ने खिड़की, दरवाजे सभी खोल दिए और अपने गठबंधन में लाकर नीतीश को फिर मुख्यमंत्री बना दिया। सारे समझौते करके जदयू से तालमेल करने का एकमात्र मकसद यह है कि पिछली बार कांग्रेस जो एक सीट जीत गई थी वह छीन लेनी है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन को एक भी सीट नहीं जीतने देने के उद्देश्य से भाजपा ने जनता दल यू के साथ साथ उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टी से भी तालमेल किया है और लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों खेमों को भी साथ बनाए रखने के प्रयास में जुटी है। ओडिशा की 21 लोकसभा सीटों में बीजू जनता दल ने 12 और भाजपा ने आठ सीट जीती थी। कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिली थी। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित नबरंगपुर की सीट पर कांग्रेस के प्रदीप कुमार मांझी चुनाव जीते थे। इस बार भाजपा ने अपने मिशन 370 और एनडीए के मिशन 400 के तहत बीजू जनता दल से तालमेल का दांव चला है। सोचें, 15 साल पहले दोनों पार्टियों के रास्ते अलग हो गए थे। 2009 के चुनाव के समय बीजू जनता दल ने भाजपा से तालमेल खत्म किया था। जब 2014 में नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने भाजपा की कमान संभाली तब से दोनों का प्रयास बीजद की जगह भाजपा को स्थापित करना था। लेकिन इसमें कामयाबी नहीं मिली तो वापस नवीन पटनायक से हाथ मिला लिया। कहा जा रहा है कि भाजपा लोकसभा में ज्यादा सीटें लड़ेगी और विधानसभा में बीजू जनता दल के लिए ज्यादा सीट छोड़ेगी। एक फॉर्मूले की चर्चा है, जिसके मुताबिक लोकसभा की 21 में से 14 सीटों पर भाजपा और सात पर बीजद लड़ेगी, जबकि विधानसभा की 147 में से एक सौ सीटों पर बीजद और 47 पर भाजपा लड़ेगी। पिछली बार बीजद को 112 सीटें मिली थीं। इसी तरह उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को एक सीट मिली थी। अमेठी से राहुल गांधी हार गए थे, जबकि रायबरेली से सोनिया गांधी जीती थीं। इस बार सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगी। वे राज्यसभा में चली गई है। और कहा जा रहा है कि उनकी सीट पर प्रियंका गांधी वाड्रा लड़ेंगी।सोचें, झारखंड में भाजपा को कांग्रेस की जीती हुई सिंहभूम सीट छीनने का कोई दूसरा तरीका नहीं सुझा तो उसने कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को ही अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। मधु कोड़ा के ऊपर कई तरह के झूठे सच्चे आरोप लगाने के बाद अंत में भाजपा ने उनको अपनी पार्टी में लिया। अब कांग्रेस का प्रयास झारखंड में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन का खाता नहीं खुलने देने का है। बिहार में कांग्रेस और समूचे गठबंधन ने पिछली बार 40 में से सिर्फ एक सीट जीती थी। इससे पहले ही भाजपा ने रायबरेली सीट कांग्रेस से छीनने का दांव चलना शुरू कर दिया है। उस पूरे इलाके में जीते विपक्षी विधायकों को तोड़ा जा रहा है। ऊंचाहार के समाजवादी पार्टी के विधायक मनोज पांडेय को भाजपा ने हाल के राज्यसभा चुनाव के समय तोड़ दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के बिना एक महीना



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** मैं दुनिया के उन भाग्यशाली लोगों में शामिल हूं जिन्होंने भगवान को साक्षात देखा है। मेरी आने वाली पीढ़ियां इस बात पर गर्व करेंगी कि मैंने आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के साक्षात दर्शन किये हैं, उनसे चर्चा की, उनको आहार कराने और उनके साथ विहार करने का परम सौभाग्य प्राप्त किया है। मेरे गुरुवर मेरे भगवन आचार्यश्री विद्यासागर जी महामुनिराज बेशक शरीर के साथ नहीं हैं, लेकिन वे मुझे कण कण में महसूस होते हैं। उनका एक एक शब्द मेरे कान में गूंजता है। आज 18 मार्च को आचार्य भगवन को मोक्ष की ओर प्रस्थान किए पूरा एक महीना हो गया। हम एक क्षण भी उनको भुला नहीं सकते। हे भगवान, हमें भी ऐसी क्षमता दो कि आपके बताए रास्ते पर चलकर हम भी अपना कल्याण कर सकें। **-रवीन्द्र जैन**

### वैशाली नगर जैन मंदिर पंचकल्याणक महोत्सव के पात्रों का सम्मान, जयकारों के बीच की सौधर्म इन्द्र-इन्द्राणी की हुई गोद भराई



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** वैशाली नगर के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में प्रथम तल पर प्रतिष्ठित होने जा रहे नव निर्मित जिनालय के 27 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित होने वाले जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों का राजस्थान जैन सभा सहित अन्य संस्थाओं एवं समाज बन्धुओं की ओर से सम्मान एवं गोद भराई की गई। सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने बताया कि भट्टारक जी की नसियां में आयोजित समारोह में पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के सौधर्म इंद्र प्रवीण - प्रिया बडजात्या, प्रतीक जैन, मंजू शाह, सुनीता झाँझरी, निशा बडजात्या, रेशु जैन, अनीता जैन सहित अन्य इन्द्र - इन्द्राणियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर धार्मिक विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार करते हुए जयकारों के बीच गोले एवं पतासों से गोद भराई की गई। राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप जैन, अनिल छाबडा सहित संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, रचना बैद, जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति की अध्यक्ष डॉ शीला जैन, राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश मंत्री भारत भूषण जैन, अमन जैन कोटखावदा ने खोपरे का गोला, पतासों से गोद भराई की। इन्द्र-इन्द्राणियों को माला, दुपट्टा व प्रतीक चिह्न भेट कर सम्मान किया।इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला मण्डलो की सदस्याऐ भी शामिल हुई।

### राजधानी भोपाल से अनेक श्रद्धालु महा तीर्थ गिरनार जी में अनुष्ठान के लिए रवाना



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** अष्टानिका पर्व के दौरान भोपाल के मंदिरों में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन हो रहा है श्रद्धालु भगवान सिद्द की आराधना में लीन है मंदिरों में विशेष जाप अनुष्ठान के साथ पूजा अर्चना हों रही हे राजधानी से अनेकों श्रावक महा तीर्थ गिरनार जी गुजरात मे अनुष्ठान के लिए गए नंदीश्वर जिनालय एवम शांति नाथ जिनालय जैन नगर लाल घाटी से दर्शन के बाद सभी रवाना हुए इसके पूर्व भाजपा नेता आलोक शर्मा मैं सभी को विदाई दी और अनुष्ठान के कार्यक्रम का विमोचन किया प्रवक्ता अंशुल जैन ने बतायाश्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर जैन नगर लाल घाटी भोपाल के तत्वाधान में श्री मद सिद्ध चक्र महा मंडल विधान सिद्ध क्षेत्र गिरनार जी जूनागढ़ गुजरात में 200=व्यक्तियों के द्वारा किया जाना है जिसमे अध्यक्ष निर्मल जैन टी आई इंज पंकज ज्योतिषी अजय विनोद रेडीमेड सुनील पब्लिशर सौरभ इंजी सुरेश सिखरटावर निखिल ज्योतिषी राकेश कठनेरा संदीप टाइल्स मनोज बंटी अन्नू सराफ शैलेश स्टील मनीष दिगम्बर प्रवीण गुड्डू स्वप्निलसहित अनेक लोग मौजूद थे।

### रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में पड़ा जीएसटी का छापा

**रायपुर ( आरएनएस )।** रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में जीएसटी ने छापा मारा है। जीएसटी की टीम ने सन शाइन कैटर्स और टू व्हीलर पार्किंग में रेड मारी है। फिलहाल दोनों ही जगहों पर अधिकारी जांच कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर रेलवे स्टेशन में संचालित सन शाइन कैटर्स के स्टॉल के लाइसेंस फीस कैश में जमा किए जाने का मामला सामने आया था। इस फर्म का जीएसटी नंबर, जो छत्तीसगढ़ में लिया गया था वह 2017 से बंद है। बताया जाता है कि यहां कंपनी का कोई भी बैंक अकाउंट नहीं है और साथ ही इस फर्म के अलावा इनके परिवार की अन्य दर्जनों फर्म दुर्ग के अलावा पूरे देश में है। लेकिन रेलवे में इनका जुगाड़ होने के कारण रेलवे स्टेशन परिसर में उक्त फर्म फल-फूल रहा है और इसकी जांच भी अब तक नहीं हो रही है। यह भी बताया जा रहा है कि इस फर्म को पूर्व में जीएसटी की ओर से भी नोटिस जारी की गई थी। फिलहाल जांच जारी है।

## मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने कहा- पदाधिकारी दायित्व निभायें या पद त्याग दें



**गौरेला ( विश्व परिवार )।** पदों पर विराजमान जनों को पदानुरूप दायित्व निभाना चाहिए। उपयुक्त दायित्व का निर्वहन न करना अपराध है। इन्हें कर्मसिद्धान्त के न्यायालय में अनिवार्यत: दंड मिलेगा/ मिलता है। जो दायित्व न निभा सके उसे अविलंब पद त्याग देना चाहिए।

कानपुर से कुण्डलपुर पदविहार करते हुये मध्यप्रदेश के छतरपुर में विराजमान निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि पद लालसाओं की पूर्ति का साधन नहीं है, सेवा और दायित्व निभाने का संकल्प है। मंदिर की समितियों, समाज की कमेटियों में पद पाने के लिये लालायित जन ये अच्छे से समझ लें, आप जिस पद पर हैं उसका दायित्व अपेक्षा से अधिक निभायें। आप पद के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं तो अविलंब पद त्याग दें। ऐसे अनेक उदाहरण हैं पदाधिकारी वर्षों से पदों पर बैठे हैं और कर्तव्यों से विमुख हैं। न स्वयं कुछ करते हैं तथा योग्य जनों को कार्य करने से वंचित रखते हैं। श्रमण साधना शिखर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनिपुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि ऐसे पदाधिकारियों को कर्म के न्यायालय का दंड अवश्य मिलता है/मिलेगा। कर्मसिद्धांत के न्यायालय में क्षमा का कोई प्रावधान नहीं है।ऐसे पदारूढ़ों को तत्काल पद त्याग देना चाहिए। आपने बताया कि इन्हें अंतराय कर्म और दरिद्र नामकर्म का दोष लगता है। **-वेदचन्द जैन**

## भगवान के दर्शन, अभिषेक, पूजन करने से आप सब भी पूज्य हो सकते हैं : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज



**पारसोला ( विश्व परिवार )।** पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज संघ सहित सम्मति भवन पार सोला में विराजित है। आज की धर्म सभा में प्रवचन में आचार्य श्री ने बताया कि भगवान के दर्शन के विचार से ही एक उपवास का फल मिलता है किंतु विचार के साथ-साथ विचार का क्रियान्वान कर मंदिर जाना और भगवान के दर्शन करना जरूरी है आज के युवाओं के मंदिर जाने में रुचि नहीं होने पर चिंता व्यक्त की।आचार्य श्री ने बताया कि मंदिर जाने पर, भगवान का अभिषेक करने, पूजन करने, स्वाध्याय करने के समय मोबाइल घर रख कर आना चाहिए क्योंकि मोबाइल पर बजने वाली घंटी आपको भी चलायमान कर देती है और आपके परिणाम और उपयोग बदल जाते हैं भगवान की भक्ति से ठीक उसी प्रकार आनंद प्राप्त होता है जैसे मयूर बादल को देखकर, रोगी स्वस्थ होने पर, प्यासे को पानी मिलने पर, दृष्टि हीन को नेत्र मिलने पर, बंधन से स्वतंत्र होने पर जी आनंद, खुशी होती है।

यह मंगल देशना पारसोला सम्मति भवन में आयोजित धर्म सभा में पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने प्रकट की। ब्रह्मचारी गज्जू भैया, राजेश पंचोलिया इंदौर अनुसार आचार्य श्री ने आगे बताया कि आकुलता में धर्म नहीं है। धर्म करते समय आकुलता नहीं होना चाहिए जिनेन्द्र भगवान के समक्ष उच्च परिणाम होने से मिथ्यात्व कम होता है। क्योंकि मिथ्यात्व कारण दुख भोग रहे हैं। अच्छे उच्च परिणाम से पुण्य की प्राप्ति होती है। सिद्ध चक्र मंडल विधान की पूजन कर रहे हैं, पूजन से पूजता प्राप्त होती है।भक्त को भक्ति से पुण्य फल प्राप्त होता है सिद्ध भगवान ने भी संसार के परिभ्रमण, आवागमन से मुक्त होकर तीर्थंकर नाम कर्म प्रकृति का बंध कर सिद्धा लय को प्राप्त किया है। पूजा में सिद्ध भगवान के गुणों की पूजन कर रहे हैं पूजन करने के समय परिणाम स्थिर होना चाहिए आचार्य श्री ने अनेक मंगलो की चर्चा करते हुए बताया कि दर्शन करना मंगल है, भगवान की जिनवाणी का स्वाध्याय करना मंगल है, माला फेरने से मंगल होता है, अभिषेक करने से मंगल होता है, मंगलो से पाप कर्म का क्षय होता है और आत्मा पर कर्मों का मेल जो लगा है वह दूर होता है।इसलिए भगवान के दर्शन करने से पापों के प्रक्षालन करने का अवसर मिला है। जिस प्रकार कार्य सिद्ध करने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है तब सफलता मिलती है, इसी प्रकार आत्मा से परमात्मा बनने के लिए व्रत, नियम, संयम दीक्षा, तप, उपवास से मनुष्य जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करें। **-राजेश पंचोलिया**

## मुनि श्री संधानसागर जी महाराज ने कहा- मोक्षमार्ग जटिल तो है किन्तु कुटिल नहीं



**0000000 ( विश्व परिवार )।** शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरुणाई के प्रखर वक्ता मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने कहा दि पांच दिन का यह महोत्सव इतिहास की रचना कर दी। भगवान ने मुक्ति को प्राप्त किया कर लिया अब हम भी मुक्त हो गये। मोक्ष एवं मोह में ज्यादा अंतर नहीं है उसका क्षय हो जाये तो मोक्ष पाने में देर नहीं लगेगी। पूज्य मुनि भी जी ने कहा कि मोक्षमार्ग सो जटिल तो है किन्तु कुटिल नहीं। मोक्षमार्ग रेल्वे का ट्रेक है संसार का मार्य हाइवे है। मोक्ष मार्ग वर्तमान में हैं ये कम नहीं है। संसार का खूब प्रयास किया अब मुक्ति का प्रयास करो। पंचकल्याणक सानंद सम्पन्न होने का क्षेत्र गुरुदेव को देते हुये मुनि श्री ने कहा -करते है हमारे गुरुवर हमारा, नाम हो रहा है, गुरुदेव की कृपा से रपब काम हो रहा है।

**को-एड एजू ?केशन का करी विरोध :** पूज्य मुनिवर ने समवशरण में बैठकर कहा कि जहाँ साक्षात् भगवान का सामिष्य है फिर भी स्त्री-पुरुष साथ में नहीं बैठते है परन्तु ज़ बलिहारी इस पंचमहाल की जहां लड़के-लड़कीयों को साथ पढ़ाया जा रहे है नतीजा, वे पढ़ते कम है मस्ती ज्यादा करते है बल्कि पढ़ने के नाम पर कुछ भी नहीं बचा। यह बिल्कुल भारतीय संस्कृति से विपरित है। मुनि श्री जी ने कहा कि ज्ञानी-ज्ञान को कब जानता जब आपे में होता। हम अपने भीतर भाकते हैं.तभी बुराइयों पर दृष्टि जाती है।। बुराइयों को तभी बुराइयों पर हटाना है तो प्रभु के चरणों में आ जाओ तो अपने भीतर आने का एक अवसर प्राप्त होता है। = कैसे दर्पण में देखकर अपनी कालिमा पोछ लेते हैं वैसे ही प्रभु दर्शन, प्रभु वाणी हमें सन्मार्ग से ओर ले जाने वाली है। आग से धी जैसे दुर रखते हों वेसे हीं लड़का लड़की को दुर रखना जरूरी है। **-विद्यावाणी संकलन**

## संत ज्ञानेश्वर स्कूल की सुहानी और अनम सम्मानित, महाराष्ट्र मंडल के स्कूल की बच्चियों ने निबंध स्पर्धा में किया कमाल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की छात्राएं सुहानी सिंह व अनम बानो पटेल को वृंदावन सभागृह में सम्मानित किया गया। दोनों छात्राओं को यह पुरस्कार नारायणी साहित्य संस्था व चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में %वर्ष 2023 और हमारी वैज्ञानिक उपलब्धि% विषय पर स्व. महेश भाई व्यास स्मृति निबंध प्रतियोगिता जीतने के परिणामस्वरूप दिया गया।

प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि दोनों बच्चियां शुरू से ही मेधावी रही हैं और वाद-विवाद प्रतियोगिता व निबंध स्पर्धा में स्कूल का प्रतिनिधित्व करते रही हैं। सुहानी और अनम को निबंध प्रतियोगिताओं के लिए शिखा शर्मा और मेघा जैन ने प्रशिक्षण दिया। जब इन्हें पुरस्कार दिया गया, तो उनके साथ यह दोनों शिक्षिकाएं सभागार में उनका उत्साहवर्धन करने के लिए उपस्थित थीं। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर शाला परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

नारायणी साहित्यिक संस्था की अध्यक्ष डॉ. मृणालिका ओझा, मुख्य अतिथि गिरीशकांत पांडे, कार्यक्रम अध्यक्ष आचार्य अमरनाथ त्यागी, विशेष अतिथि डॉ. दुर्गा सिंह व रोहित व्यास और चरामेती फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रशांत महतो इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने दोनों छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल दिया।महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते, शाला प्रभारी निरंजन पंडित, सह प्रभारी पारितोष डोनगांवकर ने सुहानी व अनम को उनकी इस सफलता पर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## होली से पहले तेल की कीमतों में वृद्धि



**रायपुर ( आरएनएस )।** बाजार में त्योहारी मांग निकलते ही खाद्य तेलों में तेजी शुरू हो गई है। माहभर में खाद्य तेलों की कीमतों में 10 रुपये लीटर तक की तेजी आ गई है। वहीं दूसरी ओर महंगे हो रहे दालों की कीमतों में थोड़ी नरमी आई है और चावल में तेजी बनी हुई है।

खाद्य तेल बाजार में इन दिनों माहभर पहले 95 रुपये लीटर बिकने वाले सोयाबीन तेल वर्तमान में 105 से 110 रुपये लीटर हो गया है। वहीं 95 से 105 रुपये लीटर वाला सनफ्लावर 105 से 110 रुपये लीटर बिक रहा है। हालांकि मूंगफल्ली तेल की कीमतों में गिरावट आ गई है और 170 से 220 रुपये लीटर तक बिकने वाला मूंगफल्ली तेल वर्तमान में 160 से 190 रुपये लीटर हो गया है।

वहीं माहभर पहले 110-120 रुपये लीटर तक बिकने वाला सरसों तेल भी 120 से 140 रुपये लीटर हो गया है। कारोबारियों का कहना है कि खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे मुख्य कारण त्योहारी मांग में तेजी आना है। हालांकि, विदेशी बाजारों में तो अभी भी आयातित खाद्य तेलों की मांग सुस्त बनी हुई है।

पिछले महीने दालों की कीमतों में तेजी आने लगी थी और राहर दाल 160 से 200 रुपये किलो पहुंच गई थी। इन दिनों वापस इसकी कीमतें घटकर 150 से 180 रुपये किलो हो गई है। इसी प्रकार चना दाल 80 से 90 रुपये किलो और उड़द दाल 100 से 130 रुपये किलो बिक रही है।

चावल की कीमतें तेजी बनी हुई है और एचएमटी चावल इन दिनों 56 से 66 रुपये किलो बिक रहा है। कारोबारी मनीष राठौड़ का कहना है कि अनाज बाजार में अभी तेजी के आसार नहीं है। मांग में अभी थोड़ी गिरावट ही बनी हुई है।

**शक्कर के दाम घटे :** शक्कर की कीमतों में गिरावट आ गई है और 42 से 44 रुपये किलो में बिक रहा शक्कर 40 से 42 रुपये किलो पहुंच गया है। थोक में तो इसकी कीमतें और सस्ती हुई है।

## मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज के सानिध्य में सोलह गुणों से युक्त सिद्धपरमेष्ठी भगवान की आराधना हुई संपन्न



**कोटा ( विश्व परिवार )।** शाश्वत अष्टान्हिक महापर्व के तृतीय दिवस सिद्धशिला पर विराजमान सिद्ध परमेष्ठी के सोलह गुणों की पूजा अर्घ देकर सम्पन्न की गई। जिसमें उनके अनन्त दर्शन, ज्ञान अवगाहनत्व, अनंत वीर्यत्व, अव्याधत्व आदि अनंत गुणों से युक्त सिद्धस्वरूप को नमस्कार किया गया।

प्रतिष्ठाचार्य डॉ.अभिषेक जैन ने सम्पूर्ण अनुष्ठान संगीतमय कराकर उन्होंने सिद्ध परमेष्ठी के गुण धर्म की आध्यात्मिक शास्त्रीय विवेचना की। मंदिर समिति के अध्यक्ष अंकित जैन ने बताया कि परम पूज्य श्रुतसंवेगी मुनि श्री आदित्य % सागर मुनिराज ने शास्त्र वाचना कर षटलेश्याओ के स्वरूपं की विवेचना के अंतर्गत कृष्ण लेश्या के स्वरूप की आगमोक्त विवेचना की। उन्होंने बताया कि अत्यधिक क्रोध करने से, परस्पर बैर रखने से परिणामो में दुष्परिवर्तन हो जाता हैँ जिसे जैन आगम में कृष्ण लेश्या की संज्ञा दी गई है। इस प्रकार के भावो को रखने से पर जीव को नरक के दु:खों में प्राप्त होते है। मंगलवार को सिद्ध परमेष्ठी की 32 गुणों युक्त आराधना प्रात 7:00 बजे जिनाभिषेक शान्तिधारा, नित्यमहपूजन जन, नंदीश्वर पूजन व सिद्धचकृविधान सम्पन्न किया जायेगा। इस अवसर पर राजमल पाटोदी, विनोद काला, विनोद जैन टोरड़ी, अनुज जैन, महावीर अजमेरा, संजय जैन, श्रीपाल जैन, अशोक पाटनी सहित कई लोग उपस्थित रहे। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## पीएम आवास के नाम पर तीन लोगों से ठगी, रायपुर का मामला

**रायपुर ( आरएनएस )।** राजधानी रायपुर के बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर तीन लोगों से 45 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। ठगों ने पीड़ितों को बकायदा निगम का फर्जी रसीद, सील मुहर लगाकर दिया था। निगम आयुक्त की ओर से उरला पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने पैसा ठगने वाले एक के खिलाफ चार सौ बीसी का केस दर्ज कर लिया है।

उरला पुलिस के मुताबिक बिरगांव नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने लिखित शिकायत पत्र देते हुए जानकारी दी कि बीएसयूपी कालोनी उरला में निर्मित प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर आरोपित सुशांत नेताम उर्फ प्रहलाद ने तीन लोगों से 45 हजार रुपये ले लिए। यही नहीं उसने पीड़ितों को निगम की फर्जी रसीद, आवास आवंटन का पत्र भी दे दिया था।

निगमकर्मी विरेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर व इंद्रनील सिंह परिहार के जरिए शिकायत आवेदन पत्र की जांच कराई गई।जांच के दौरान हितग्राही बीएसयूपी कालोनी में निवासरत अशोक पांडेय से पूछताछ करने उसने सुशांत नेताम द्वारा 35 हजार रुपये लेकर पीएम आवास आवंटित करना बताया।

अशोक ने सुशांत से मिले निगम के तीन फर्जी रसीद भी दिए। 12 मार्च को सुशांत नेताम ने फिर से दिगभ्रमित कर आइ ब्लाक में दो व्यक्तियों को भेजकर विद्युतिकरण का काम करवाया जा रहा था, जबकि यह ब्लाक किसी अन्य हितग्राही को निगम से आबंटित किया जा चुका है। पुलिस ने इसके आधार पुलिस ने धारा 420, 467, 468 का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

## लोकसभा चुनाव के पहले पूर्व पार्षद अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा

**भिलाई ( आरएनएस )।** अखिल भारतीय यदुवंशम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व पार्षद जय प्रकाश यादव ने भारतीय जनता पार्टी में अपने साथियों के साथ प्रवेश किया है। जय प्रकाश भाजपा में पूर्व मंत्री पद पर रह चुके है। अपने 301 समर्थकों के साथ फिर पार्टी में प्रवेश कर पार्टी को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। भारतीय जनता पार्टी भिलाई ज़िला अध्यक्ष महेश वर्मा को दिए गए पत्र में बताया कि जेपी द्वारा अपने क्षेत्र के विभिन्न राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों, राजनैतिक मंचों से जुड़े क़द्दावर जनप्रतिनिधियों को एक या दो नहीं बल्कि पूरे 301 की संख्या में राजेंद्र सिंह चौहान जिला सचिव कांग्रेस सहित अन्य ने भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल करने में योगदान दिया है। जेपी के तत्त्वाधन में अब वे भारतीय जनता पार्टी के मूल्यों, विचारधारा, और सिद्धांतों को पूरी तरह से आत्मसात करने प्रतिबद्ध हैं।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा का कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज

### कहा- यह कांग्रेस तोड़ो यात्रा है, जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी लोग पार्टी छोड़ते गए

**रायपुर ( आरएनएस )।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा रायपुर के दादाबाड़ी में नारायण सेवा संस्थान के दिव्यांगों के लिए आयोजित जांच शिविर में शामिल हुए. जहां उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि, यह कांग्रेस तोड़ो यात्रा है. जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी लोग पार्टी छोड़ते गए. उन्होंने कहा, क्या भारत में कोई परेशानी है या भारत एक नहीं है. यह दृष्टिकोण ही गलत है और ऐसी दृष्टिकोण के साथ काम नहीं करना चाहिए.

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान होने पर विजय शर्मा ने कहा कि हम नरेन्द्र मोदी के नाम पर छत्तीसगढ़ में 11 की 11 सीटें जीतेंगे. बीजेपी अनवरत प्रयास करने वाली, अनवरत सक्रिय रहने वाली पार्टी है और कार्यकर्ताओं की ताकत पर हम जीतेंगे.

राजनांदगांव में भूपेश बघेल के लोकसभा चुनाव के आगाज पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बयान देते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने अपनी जनता का अपमान किया है. पाटन की जनता ने उनको ऐसे समय में भी विधायक चुना उनका अपमान भूपेश बघेल ने किया है. वह भागकर राजनांदगांव क्यों गए समझने की जरूरत है.

बता दें कि नारायण सेवा संस्थान ने आज रायपुर के दादाबाड़ी में दिव्यांगों के ऑपरेशन के लिए जांच शिविर का आयोजन किया. जांच शिविर में 5 हज़ार दिव्यांग बच्चों की मुफ्त में जांच की जा रही है. दिव्यांग के लिए आयोजित जांच शिविर में गृह मंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए, जहां उन्होंने दिव्यांगों से मुलाकात की. नारायण सेवा संस्थान के कार्यक्रम से लौटे डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा ,कैलाश मनोज और उनके सुपुत्र प्रशांत अग्रवाल की अद्भुत संस्था है, अद्भुत कार्यक्रम है. मैं तो कई बार यहां अपने लोगों को लाता रहा हूं. ऐसे संस्थान में आकर आप सिर्फ सिर झुकाकर प्रणाम कर सकते हैं।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट स्टेडियम के पास ड्राइवर की मिली लाश पुलिस जांच में जुटी

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिले के पोटियाडीह में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब इलाके में युवक का शव मिलने की सूचना लोगो को मिली। यह खबर आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते उक्त स्थान पर लोगो का जमावड़ा लग गया। जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची अर्जुनी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लिया। बता दें कि युवक की शिनाखत खिलेश्वर साहू पिता स्व. रामा धर साहू के रूप में हुई है जो की खरतुली का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मृतक खिलेश्वर ड्राइवरी का काम करता था। बीती रात करीब 8 बजे वह अपने घर से कही जाने के लिए निकला लेकिन वापस लौटकर घर नहीं आया। जिसके बाद आज उसकी लाश पोटियाडीह स्टेडियम के पास मिली। खिलेश्वर के शव के पास उसकी बाइक भी मिली है। मामले में अर्जुनी पुलिस प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जाता रही है। हालांकि युवक के मौत का कारण स्पष्ट नही हो पाया है, अर्जुनी पुलिस की माने तो मौत की क्या वजह है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात स्पष्ट हो पाएगा। वहीं पुलिस ने परिजनों को युवक के मृत होने की सूचना दी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया है।

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने नव पदस्थ डीईओ मारकले से की सौजन्य मुलाकात

**बालोद(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने आज नव पदस्थ डीईओ पी सी मारकले से जिला शिक्षा कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया! साथ ही जिले में सहायक शिक्षक एल बी से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक में 101 शिक्षकों के पदोन्नति आदेश जारी होने पर डीईओ व कार्यालय का आभार व्यक्त किया व जल्द काउंसिलिंग कर पदांकन करने पर चर्चा की! साथ ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम के स्कूलों में प्रतिनियुक्ति के लिए 5 अक्टूबर से लंबित 21 कर्मचारियों के पद स्थापना के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया! विदित हो कि इस विषय पर कलेक्टर से कल मुलाकात के बाद आज पद स्थापना आदेश जारी किया गया! वहीं जिले में शिक्षक एल बी संवर्ग के सभी अन्य विषयों पर त्वरित कार्यवाही करने का निवेदन किया! मुलाकात करने वालों में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ,नरेंद्र साहू जिला सचिव, रामकिशोर खरांशु जिला संयोजक, शिव शांडिल्य जिला उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष पवन कुमार कुंभकार, लेख राम साहू, रघुनंदन गंगबेर, रिखी राम ध्रुव ,सूरज गोपाल गंगबेर ब्लॉक अध्यक्ष गुरुर, अविनाश साहू ब्लॉक अध्यक्ष डौंडी लोहारा ,मनीष देशमुख,रविंद्र नाथ योगी,लक्ष्मी नारायण साहू ,पंकज सोनी, चेतराम साहू आदि पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे।

### एसकेएमएस कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसकेएमएस कार्यालय का उद्घाटन एसईसीएल महामंत्री हरिद्वार सिंह के साथों किया गया। नवापारा में आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा व नारायण कुलदीप भी थे। हरिद्वार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि कोयला कामगारों की हर समस्याओं को दूरे किए जाने की जरूरत है। समस्याओं के प्रहज गंभीर हो कामगारों का कार्य किया जाए। कोरबा जिले से दीपक उपाध्याय, एली अगरिया शिव त्रिपाठी,संजीव शर्मा, हर नारायण केशरवानी, विरेन्द्र टंडन, धर्माराव, अजीत सिंह, मुकेश साहू, अश्वनी साह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया अनुवीक्षण तथा पेड न्यूज टीम का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु 15 मार्च 2024 को जिला कार्यालय बीजापुर के सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अन्तर्गत, उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, विडियो निगरानी टीम, विडियो अवलोकन टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण श्री दिलीप उईके, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी तथा श्री सीके रंहगडाले जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया, इसके साथ मीडिया टीम का प्रशिक्षण श्री दिनेश नेताम सहायक संचालक जिला जनसंपर्क एवं नोडल अधिकारी तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री सीके रंहगडाले द्वारा दिया गया।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 : निर्वाचन के कार्यों को समय-सीमा में संपादित करें नोडल अधिकारी

## कलेक्टर अजीत वसंत ने ली समीक्षा बैठक




**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों में संलग्न नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन के कार्य को टीम भावना के साथ संपादित करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर फील्ड पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्युटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी, स्वीप नोडल अधिकारी, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टर-पेपर, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन आदि के नोडल अधिकारी उपस्थित थे। कोरबा जिले में लोकसभा निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक तैयारी के निर्देश देते हुए सेक्टर अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाम-निर्देशन के लिए आवश्यक तैयारी करने के साथ ही निर्वाचन से संबंधित कार्यों को भी समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी दी गई।

# सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक करें निर्वहन - कलेक्टर

### कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन हेतु नोडल अधिकारियों की ली बैठक

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन हेतु नोडल अधिकारियों अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक करेंगे। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन, मतदाता सूची, मानवीय संसाधन की व्यवस्था पोस्टल बैलेट जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अनावश्यक अवकाश नहीं लेंगे। निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के ठहरने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, छांव, रैम्प, साफ-सफाई, उपचार सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासकीय कार्यालय में शासकीय कैलेण्डर, ऑफिसियल वेबसाईट से जनप्रतिनधियों के फोटोग्राफ्स हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान सभी अधिकारी समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। स्थैतिक निगरानी दल, उडऩदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम के दल के कार्यों की लगातार मानिटरिंग करें। उन्होंने निर्वाचन सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की रवानगी एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ ही संवदेनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन तथा सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने वाहन की व्यवस्था ईटीपीबीएस संबंधित कार्य, वेबकास्टिंग, प्रशिक्षण, ईवीएम-वीवीपेट की उपलब्धता, सी-विजिल, मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी, निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम, चिकित्सकीय दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण, पेड न्यूज, मीडिया सेल के संबंध में जानकारी ली।

# रंग गुलाल बनाकर जीवन में रंग भरती स्व सहायता समूह की दीदियां

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** रंगों का अस्तित्व हमारी सामाजिक परम्पराओं में सदैव शामिल रहा है। पर्वों तीज त्योहारों से लेकर शादी ब्याह पारिवारिक समारोह में किसी न किसी रूप में रंग हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा रहे है। हर्ष उल्लास के प्रतीक रंगोत्सव होली की कल्पना बिना रंगों के की ही नहीं जा सकती। परन्तु बाजारों में बिकने वाले केमिकल युक्त रंग त्वचा के लिए हानिकारक होते है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यालय के चितालंका की पार्वती महिला ग्राम संगठन स्व सहायता समूह की दीदियों ने हर्बल गुलाल बनाकर इसे अपने आय का साधन बनाया है। चूंकि जिला दंतेवाड़ा में जहां पूर्ण रूप से जैविक खेती की जाती है और यह जैविक जिला बनने की ओर अग्रसर है उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए अब जिले में अलग-अलग समूह की 7 दीदियाँ मिलकर हर्बल गुलाल बना रही है। इस हर्बल गुलाल को बनाने में किसी भी तरह के रसायन का उपयोग नहीं किया जाता है, यहां जैविक सब्जियों का उत्पादन बहुतायत होता है। तो अब यह गुलाल न केवल हर्बल बल्कि काफी हद तक जैविक भी है इसमें प्रमुखतम अरारोट पाउडर, हरा रंग के लिए पालक भाजी, लाल रंग हेतु लाल भाजी टेसू के फूल पीला रंग के लिए गेंदा के फूल कुछ हल्दी एवं अन्य तरह की सब्जी का उपयोग तथा सुगंध हेतू सुगंधित फूलो का उपयोग किया गया है और इस प्रकार समूह की महिलाएं पिछले 4 वर्षो से लगातार हर्बल गुलाल बना रही है। और उनके द्वारा निर्मित हर्बल गुलालों की होली उत्सव के अलावा अन्य पर्व उत्सव में अच्छी डिमांड रहती है। कुल मिलाकर हर्बल गुलाल बनाकर दीदियां अच्छी आय प्राप्त कर रही है।

# मतदान केंद्रों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित : कलेक्टर

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** शनिवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले के सभी सेक्टरों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण में कलेक्टर ने जिले के सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिए संवेदनशील केन्द्रों की पहचान एवं उनके मूल्यांकन के संबंध में जानकारी देते हुए सभी सेक्टर अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड के आधार पर क्षेत्र की संवेदनशीलता की जांच के लिए निर्देश दिये। जिसमें क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव, राजनीतिक तनाव, पूर्व में हुए जघन्य अपराध, पूर्व मतदानों में कम मतदान प्रतिशत, महिला एवं विशेष जाति के लोगों में मतदान न करने हेतु किसी प्रकार के दबाव, पूर्व निर्वाचन में प्रभावित होने आदि बिन्दुओं के आधार पर संवेदनशीलता निर्धारण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने निर्धारित क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में भ्रमण कर सेक्टर अधिकारियों को मतदान दलों के जाने के लिये मार्ग निर्धारित करने एवं सतत संवाद स्थानीय लोगों से स्थापित करने तथा इसके लिए योजना निर्माण के निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदान केंद्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधा के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए रैंप, मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता, विद्युत् व्यवस्था, पेयजल, शौंचालय आदि व्यवस्थाओं की जानकारी एकत्र करने हेतु निर्देशित किया।

# निर्वाचन के कार्यों को आपसी समन्वय से समय-सीमा में संपादित करें नोडल अधिकारी:- कलेक्टर

### कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों का लिया बैठक



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कलेक्ट्रेट के प्रेरणा सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों में संलग्न नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन के कार्य को टीम भावना के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर फील्ड पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। निगरानी दल सरहदी इलाकों में सतत निगरानी कार्य को सम्पादित करेंगे। सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लें और कमियों को तत्काल पूर्ण करवाएँ। साथ ही प्रशिक्षण गतिविधि में सभी को निर्वाचन के सभी पहलुओं की पुख्ता जानकारी दें। बैठक में निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्युटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी, स्वीप नोडल अधिकारी, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टर-पेपर, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन आदि के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# पोस्टर-पाम्पलेट में प्रकाशक-मुद्रक का नाम और संख्या छापना होगा अनिवार्य

### बिना घोषणा पत्र वाले प्रिंटिंग आर्डर लेने पर होगी कार्यवाही

### प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की ली गई बैठक




**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में चुनाव प्रचार सामग्री मुद्रण में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रिंटिंग प्रेस संचालक और मुद्रकों की बैठक ली। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री विकास चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं प्रिंटिंग प्रेस संचालक मुद्रक उपस्थित थे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को लोकसभा निर्वाचन के दौरान छापी जाने वाली राजनीतिक प्रचार सामग्रियों के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होते ही सभी प्रिंटरों-मुद्रकों और प्रकाशकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में निहित प्रावधानों और दिशा निर्देशों का पालन करना बंधनकारी होगा। उन्होंने बताया कि मुद्रकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निर्वाचन के दौरान प्रचार के लिए छापी गई सामग्री की तीन प्रतियां और प्रकाशक की घोषणा जिला निर्वाचन कार्यालय में छपाई के 72 घंटे के भीतर जमा कराएं। मुद्रित की गई सामग्रियों पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम तथा मुद्रित संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा। साथ ही लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रचार-प्रसार की सामग्री में मुद्रित किये जाने वाला मैटर आदर्श आचार संहिता के दायरे में होना चाहिए। किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री जैसे हैंडबिल, पाम्पलेट, पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स आदि को छापने के लिए संबंधित व्यक्ति द्वारा मुद्रक को घोषणा पत्र भरकर ही आर्डर दिया जाएगा। उन्होंने मुद्रकों से कहा कि बिना घोषणा पत्र वाले प्रिंटिंग आर्डर ना लें। बिना घोषणा पत्र वाले प्रिंटिंग आर्डर लेने पर 6 माह की जेल और दो हजार रुपए जुर्माना या दोनों भी किया जा सकता है।

### व्यापारी का अपहरणकर्ता कुछ ही घंटों में चढ़े पुलिस के हत्थे

**बस्तर(विश्व परिवार)।** जिले के फरसागुड़ा गांव के एक व्यापारी को कुछ बदमाशों ने दिनदहाड़े अगवा कर लिया। एक कार से पहुंचे लगभग 5 युवक उसे दुकान से उठाकर अपने साथ ले गए। हालांकि, वारदात के कुछ ही घंटे के अंदर पुलिस ने सभी को पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि मामला प्रेस-प्रसंग से जुड़ा हुआ है। इसी के चलते वारदात हुई। मामला भानपुरी थाना क्षेत्र का है। बता दें कि युवक का नाम आशीष संचेती है जो फरसगुड़ा का रहने वाला है। शनिवार शाम को आशीष अपनी दुकान में था। इसी दौरान काले रंग की एक कार से कुछ युवक इसकी दुकान पहुंचे। इसके साथ मारपीट की औक फिर जबरन अपने साथ लेकर चले गए। यह पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। किडनैपिंग की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली उसके बाद रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे पर जगह-जगह नाकेबंदी की गई। हालांकि, बस्तर से बाहर निकलने से पहले ही सभी को पकड़ लिया गया। युवक रायपुर-भिलाई के रहने वाले हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। एसपी शलभ सिन्हा ने कहा कि, शुरुआती जानकारी के अनुसार आपसी रंजिश के तहत किडनैपिंग की गई थी।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर मंगलवार 19 मार्च 2024



## व्यापार समाचार

### एलन मस्क ने कहा-हार्मोनल जन्म नियंत्रण के उपायों से बढ़ सकता है अवसाद व आत्महत्या का खतरा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अरबपति एलन मस्क ने महिलाओं के स्वास्थ्य को समझने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि हार्मोनल जन्म नियंत्रण का उपयोग करने से अवसाद और आत्महत्या का खतरा बढ़ सकता है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, यह महत्वपूर्ण है कि महिलाएं हार्मोनल जन्म नियंत्रण के प्रभावों को जानें, क्योंकि यह अवसाद का एक महत्वपूर्ण कारण है और आत्महत्या के खतरे को बढ़ाता है। स्पेसएक्स के संस्थापक ने कहा कि जन्म नियंत्रण के अन्य उपायों में ये प्रभाव नहीं होते हैं। उन्होंने अमेरिकी टेलीविजन कमेंटेटर और लेखक एशले सेंट क्लेयर की एक्स पोस्ट को साझा करते हुए अपनी बात कही। उन्होंने पोस्ट में लिखा,मैंने कभी भी हार्मोनल जन्म नियंत्रण के उपायों का इस्तेमाल नहीं किया। इसका गंभीर दुष्प्रभाव होता है। यह अवसाद और आत्महत्या के खतरे को बढ़ाता है। उन्होंने कहा,जब महिलाएं इन लक्षणों के बारे में अपने डॉक्टरों से बात करती हैं, तो डॉक्टर गोली बंद करने या वैकल्पिक व गैर-हार्मोनल जन्म नियंत्रण का उपाय अपनाने का आम तौर पर सुझाव नहीं देते हैं। गौरतलब है कि कई अध्ययनों ने भी हार्मोनल जन्म नियंत्रण के साथ अवसाद के खतरे की ओर इशारा किया है, हालांकि, अभी भी पर्याप्त शोध की कमी है।

### नथिंग फोन (2a) की बिक्री हो गई है शुरु

**नई दिल्ली:** लंदन स्थित टेक कंपनी नथिंग को आज यह बताते हुए खुशी हो रही है कि फोन (2a) अब फ्लिपकार्ट, क्रोमा, विजय सेल्स और अन्य प्रमुख आउटलेट्स पर खरीदने के लिए उपलब्ध है। मीडियाटेक के साथ मिलकर तैयार किया गया डाइमेंशन 7200 प्रो प्रोसेसर की खूबी वाला फोन (2a) रैम बूस्टर तकनीक के साथ 20 जीबी (12 जीबी + 8 जीबी) रैम एवं बेमिसाल पावर दक्षता और शानदार स्पीड सुनिश्चित करता है। स्मार्ट क्लीन और एडेप्टिव एनटीएफएस जैसे ऑप्टीमाइजेशन के साथ, नथिंग और मीडियाटेक ने बिजली की खपत को 10% तक कम कर दिया है। डिवाइस में अधिक समय तक चलने वाली 5,000 mAh की बड़ी बैटरी है, जो रेपिड पावर-अप के लिए 45W फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। ट्रूलेन्स इंजन द्वारा पावर्ड और फ्लोलेस डुअल 50 एमपी रियर कैमरे और 32 एमपी फ्रंट कैमरे से सुसज्जित, फोन (2a) जीवन के यादगार लम्हों को सटीकता के साथ कैप्चर करता है। इसका 6.7 का फ्लैक ?सीबल AMOLED डिस्प्ले 1,300 nits की अधिकतम ब्राइटनेस और 120 हट्र्ज के रिफ्रेश रेट के साथ बेहतरीन विजुअल प्रदान करता है। फ़ोन (2a) नथिंग की अनूठी डिज़ाइन एक्सप्रेशन को दर्शाता है, जिसमें इंडस्ट्री का पहला 90ए कोण वाला यूनिबॉडी कवर और एक अभिनव कैमरा प्लेसमेंट शामिल है। एंड्रॉइड 14 के साथ नथिंग ओएस 2.5 पर चलने वाला, फोन (2a) उन्नत विजेट और एआई-पावर्ड की खूबियों के साथ एक शानदार यूजर अनुभव प्रदान करता है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतपे व इसके चेयरमैन के खिलाफ ट्वीट हटाने को कहा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फिनटेक फर्म भारतपे के सह-संस्थापक और पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर को 48 घंटे के भीतर कंपनी और उसके अधिकारियों के खिलाफ अपने ट्वीट हटाने का आदेश दिया। अदालत ने अश्नीर को उनके उस ट्वीट को हटाने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने भारतपे बोर्ड के अध्यक्ष और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार को छोटे लोग कहा था। अश्नीर ने एक्स पर पोस्ट किया था कि, एसबीआई चेयरमैन छोटे लोग लगते हैं। और उनके मूल में कुछ बहुत गलत है। अदालत ने आदेश दिया कि अश्नीर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर द्वारा किए गए ट्वीट और पोस्ट को 48 घंटों के भीतर हटा लिया जाना चाहिए। अदालत ने पाया कि अश्नीर ने भारतपे और उसके अधिकारियों और निदेशकों के बारे में अदालत के निर्देश के बावजूद अपमानजनक पोस्ट करना जारी रखा।

### विदेशी मुद्रा भंडार दो साल के उच्चतम स्तर 636.1 अरब डॉलर पर पहुँचा

**मुंबई( एजेंसी ) ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8 मार्च को समाप्त सप्ताह में 10.47 अरब डॉलर बढ़कर दो साल के उच्चतम स्तर 636.1 अरब डॉलर पर पहुँच गया। यह 14 जुलाई 2023 को समाप्त सप्ताह के बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी छलाँग है। आरबीआई द्वारा जारी नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.63 अरब डॉलर हो गया था। बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है क्योंकि यह डॉलर की प्रचुर आपूर्ति को दर्शाता है जो रुपये को मजबूती प्रदान करता है। विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने से आरबीआई के लिए रुपये के अस्थिर होने पर उसे स्थिर करने की अधिक गुंजाइश होती है। आरबीआई रुपये को भारी गिरावट से बचाने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है। इसके विपरीत, विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट से आरबीआई के पास रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए कम गुंजाइश बचती है। विदेशी मुद्रा भंडार पर अच्छी खबर भी उस दिन आई है जब देश के निर्यात के 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुँचने और व्यापार घाटे में गिरावट के आँकड़े जारी किए गए। यह देश के विदेशी व्यापार संतुलन के मजबूत होने का संकेत देता है जो आगे चलकर रुपये के लिए शुभ है।

### आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 5 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**नई दिल्ली( एजेंसी ) ।** एलिसे पेरी के शानदार 66 रनों की पारी और श्रेयंका पाटिल (2-18) की प्रभावी गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने अरुण जेटली स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को वीमिन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 में पाँच रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

## फरवरी में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या बढ़कर 1.26 करोड़ के पार

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश के विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस साल जनवरी-फरवरी में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 4.74 प्रतिशत बढ़कर 257.78 लाख हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 246.11 लाख थी। नियामक की वेबसाइट पर जारी आँकड़ों के अनुसार, फरवरी में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 126.48 लाख रही जो पिछले साल फरवरी में 120.69 लाख थी। इस प्रकार इसमें 4.80 फीसदी की वृद्धि हुई है। फरवरी में विमान सेवा कंपनियों के खिलाफ 791 शिकायतें मिलीं। आँकड़ों में



बताया गया है, फरवरी महीने में प्रति 10 हजार यात्रियों पर शिकायतों की संख्या लगभग 0.63 रही है। शिकायतों का प्रमुख कारण उड़ान संबंधी समस्याएँ हैं। प्राप्त 791 शिकायतों में से 769 (लगभग 97 प्रतिशत) का समाधान कर दिया गया है। इस साल जनवरी-फरवरी में किफायती विमान सेवा कंपनी इंडिगो की उड़ानों में 155.11 लाख यात्रियों ने सफर किया और उसकी बाजार हिस्सेदारी 60.2 प्रतिशत रहा। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया को 32.13 लाख यात्रियों ने चुना और उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.5 फीसदी दर्ज की गई। डीजीसीए ने बताया, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त उपक्रम वाली एरलाइंस विस्तारा ने 9.9 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ 25.58 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की। एआईएक्स कनेक्ट (पहले एयरएशिया इंडिया) की उड़ानों में 15.71 लाख यात्रियों ने सफर किया और उसकी बाजार हिस्सेदारी 6.1 प्रतिशत रही। स्पाइसजेट ने जनवरी से फरवरी तक 13.99 लाख यात्रियों को गंतव्यों तक पहुँचाया और बाजार के 5.4 फीसदी हिस्से पर कब्जा किया।

### गुड न्यूज : देश के कई राज्यों में फिर घटे पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बाद देश के कई राज्यों में पेट्रोल डीजल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। इसके तहत महाराष्ट्र में पेट्रोल 66 पैसे और डीजल 64 पैसे सस्ता हो गया है। पंजाब में भी पेट्रोल 30 और डीजल 34 पैसे सस्ता हो गया है। इसके अलावा बिहार, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, और हिमाचल प्रदेश में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि झारखंड और पश्चिम बंगाल समेत कुछ अन्य राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में तेजी भी देखने को मिली है। बता दें कि सुबह करीब 7 बजे ड्ब्ल्यूटीआई क्रूड बढ़कर 81.04 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड 85.34 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। गौर हो कि भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था।

## पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में सेमीफाइनल फाइनल के लिए रिजर्व दिन होंगे

**दुबई ( एजेंसी )।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुष्टि की कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में सेमीफाइनल और फाइनल के लिए आरक्षित दिन निर्धारित होंगे। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन 1 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस आशय का निर्णय दुबई में आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक के दौरान लिया गया। पिछले संस्करणों में इस तरह के नियम की कमी पर काफी आलोचना का सामना करने के बाद आईसीसी ने भारत में आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप 2023 के फाइनल के लिए आरक्षित दिनों की शुरुआत की थी । बैठक के दौरान,आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए खेल की शर्तों को भी मंजूरी दे दी और 2026 संस्करण के लिए योग्यता प्रक्रिया की घोषणा की, जिसकी सह-मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे। आईसीसी ने वार्षिक बोर्ड बैठक के बाद एक विज्ञप्ति में बताया कि इसके अलावा, आईसीसी ने निर्धारित किया है कि ग्रुप चरण और सुपर आठ चरण में मैच आयोजित करने के लिए दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम को कम से कम पांच ओवर फेंकने की आवश्यकता होगी । हालाँकि, नॉकआउट दौर में, एक मैच के लिए दूसरी पारी में कम से कम 10 ओवर फेंकने की आवश्यकता होगी । शुक्रवार को आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दे दी गई, 20 टीमों का टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा और इसमें कुल 12 स्वचालित क्वालीफायर होंगे। 2024 संस्करण में शीर्ष आठ टीमें भारत और श्रीलंका के साथ स्वचालित क्वालीफायर के रूप में जुड़ेंगी, शेष स्थानों (दो और चार के बीच, मेजबान फिनिशिंग स्थिति के आधार पर) को आईसीसी पुरुष टी20 में 30 जून 2024 तक रैंकिंग तालिका में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंक वाली टीमों द्वारा लिया जाएगा। शेष आठ जगह क्षेत्रीय क्वालीफायर के माध्यम से भरी जाएंगी।

## नितिन गडकरी ने महाकालेश्वर मंदिर रोपवे के लिए 189 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी


**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि मध्य प्रदेश के उज्जैन जंक्शन रेलवे स्टेशन और महाकालेश्वर मंदिर के बीच मौजूदा रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए 188.95 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है। मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित रोपवे तीर्थयात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाएगा, खासकर पीक सीजन के दौरान। साथ ही यात्रा का समय घटाकर सात मिनट रह जायेगा। रोपवे की क्षमता प्रतिदिन 64 हजार तीर्थयात्रियों को ले जाने की होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निवेश पर्यटन को बढ़ावा देगा और रोजगार के नए अवसर पैदा करते हुए परिवहन के पर्यावरण-अनुकूल



साधन प्रदान करेगा। मंत्री ने कहा, परियोजना हाइब्रिड मोड के माध्यम से कार्यान्वित की जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कुल परियोजना व्यय के 40 प्रतिशत का भुगतान करेगा। भुगतान पहले से तय लक्ष्यों के पूरा होने के आधार पर किस्तों में जारी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शेष 60 फीसदी राशि की व्यवस्था डेवलपर को करनी होगी। मंत्री ने कहा, परियोजना के लिए डेवलपर का चयन एक खुली, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम की जायेगी। परियोजना के रखरखाव की जिम्मेदारी डेवलपर की होगी है, जबकि टोल संग्रह एनएचएआई द्वारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने की इच्छुक है क्योंकि वे बुनियादी ढाँचा क्षेत्र में अधिक निवेश लाने में मदद करती हैं। मंत्री ने कहा, निजी कंपनियाँ स्वयं इन परियोजनाओं में निवेश करने के लिए अनिच्छुक हैं। उन्हें पूरा होने और कमाई शुरू करने में लंबा समय लगता है।

# सनराइजर्स हैदराबाद के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं पैट कमिंस

**मुंबई( एजेंसी ) ।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए पैट कमिंस को साइन करने के सनराइजर्स हैदराबाद के साहसिक कदम पर प्रकाश डाला है, और कहा है कि कमिंस हैदराबाद के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं। कमिंस के आईपीएल आंकड़ों को स्वीकार करते हुए, पठान ने आशा व्यक्त की कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्थिति बदल सकते हैं और सनराइजर्स हैदराबाद को टूर्नामेंट में जीत दिला सकते हैं। नीलामी में 20.5 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर साइन करने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने 2024 इंडियन प्रीमियर लीग



(आईपीएल) सीज़न से पहले पैट कमिंस को टीम का कप्तान नियुक्त किया। कमिंस के लिए 2023 शानदार रहा, जिसने उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया ड्ड विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतना, इंग्लैंड में एशेज बरकरार रखना और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में रिकॉर्ड छठे पुरुष एकदिवसीय विश्व कप जीतना । यह पहली बार होगा जब कमिंस आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करेंगे और एसआरएच के नए मुख्य कोच डेनियल विटोरी के साथ फिर से जुड़ेंगे, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सहायक कोच के रूप में भी काम करते हैं। इरफ़ान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, पैट कमिंस के लिए पिछले दो सीज़न से विशेष रूप से अच्छे रहे हैं, चाहे वह आईसीसी 50 ओवरों का विश्व कप और डब्ल्यूटीसी फाइनल हो और जिस तरह से वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। पठान ने कहा,हालांकि उनकी आईपीएल संख्या आईपीएल में साढ़े आठ की इकोनॉमी जैसी महान नहीं है, जो कि एक प्रमुख गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाज के लिए काफी अधिक है, उम्मीद है कि यह एक सीज़न में बदल सकता है, इसलिए सनराइजर्स हैदराबाद उम्मीद कर रहा होगा कि वह आएंगे और टीम को जीत दिलाएंगे, जो उन्हें पिछले कुछ समय से नहीं मिली है, लेकिन मुझे निश्चित रूप से लगता है कि टी20 क्रिकेट 50 ओवर और टेस्ट क्रिकेट की तुलना में खेल का एक अलग रूप है। पिछले दो सीज़न में हैदराबाद की कप्तानी एडेन मार्करम ने की थी, लेकिन उन्हें कोई महत्वपूर्ण सफलता नहीं मिली, खासकर आईपीएल 2023 में 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे रहे ।

### विराट कोहली आईपीएल के लिए लौटे भारत

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** विराट कोहली लंदन से भारत लौट आए हैं। इसका मतलब ये है कि किंग कोहली करीब 2 महीने बाद आईपीएल के जरिए एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विराट कोहली को आईपीएल 2024 से पहले अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर



(आरसीबी) में शामिल होने के लिए लंदन से भारत लौटते समय मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के शुरू होने से ठीक पहले ही विराट ने टीम इंडिया से छुट्टी ले ली थी। विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहना चाहते थे। इसलिए, उन्होंने क्रिकेट से दूरी बनाए रखने का फैसला किया। हालांकि, सोशल मीडिया पर अपने बेटे अकाए के जन्म की खबर देने से पहले इस स्टार कपल ने इस बात को राज रखा। पूर्व भारतीय कप्तान अब आरसीबी कैंप में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पहले यह बताया गया था कि वह आरसीबी 'अनबॉक्स' इवेंट से पहले बेंगलुरु में अपने साथियों के साथ शामिल हो सकते हैं। यह कार्यक्रम 19 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित होने वाला है। आरसीबी 22 मार्च को आईपीएल 2024 के ओपनिंग मैच में चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी।

## हायर ने इनोवेटिंग 'इन इंडिया, फॉर इंडिया' के 20 सालों का जश्न मनाया, अपने नए दृष्टिकोण 'मोर क्रिएशन्स, मोर पॉसिबिलिटीज़' का किया अनावरण

**नई दिल्ली:** लगातार 15 सालों से नंबर 1 ग्लोबल मेजर अप्लायन्सेज़ ब्राण्ड हायर अप्लायन्सेज़ इंडिया ने भारत में अपनी स्थापना की 20वीं सालगिरह का जश्न मनाया। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं के लिए इनोवेशन तथा 'मेक इन इंडिया' एवं 'मेड फॉर इंडिया' के लिए हायर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर हायर इंडिया ने ओएलईडी और क्यूएलईडी टीवी, सुपर हैवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर सीरीज़, किनॉची ब्लैक एयर कंडीशनर, वॉग एवं स्मार्ट कन्वर्टीबल रेफ्रीजरेटर्स, वॉशर और ड्रायर फ्रंट लोड मशीन, कमर्शियल रेफ्रीजरेशन सोल्युशन्स एवं कमर्शियल एयर कंडीशनर्स के लॉन्च के साथ अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार किया है। भारतीय घरों के लिए बनाए गए स्मार्ट प्रोडक्ट्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए हायर इंडिया ने स्मार्ट इनोवेशन्स की रेंज का अनावरण भी किया है, जिसमें रोबो-वैक्यूम क्लीनर्स, स्मार्ट किचन अप्लायन्सेज़, माइक्रोवेव, वॉटर हीटर आदि शामिल हैं। हायर इंडिया की 20वीं सालगिरह के अवसर पर श्री एनएस सतीश, प्रेज़ीडेन्ट, हायर अप्लायन्सेज़ इंडिया ने कहा, ''आज का समय हायर इंडिया के लिए बेहद खास है, जब हम भारत में अपनी 20वीं सालगिरह का जश्न मना रहे हैं। हम इस उपलब्धि पर गर्व है, जो उपभोक्ताओं, साझेदारों एवं कर्मचारियों के साथ हमारे गहरे रिश्ते को दर्शाती है, जिन्होंने हमारी सफलता के हर कदम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस यात्रा के दौरान हम उपभोक्ता उन्मुख इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध तथा 'मेक इन इंडिया एवं मेड फॉर इंडिया' के लिए समर्पित रहे हैं। उपभोक्ताओं एवं देश के लिए प्रतिबद्ध ज़िम्मेदार ब्राण्ड के रूप में हम ऐसे समाधान लेकर आए हैं जो उपभोक्ताओं के रोज़मर्रा के जीवन को सुविधाजनक, आरामदायक और स्थायी बना सकें।'' उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, ''इस अवसर पर अपनी धरोहर को आगे बढ़ाते हुए हमने अपने नए दृष्टिकोण 'मोर क्रिएशन्स, मोर पॉज़िबिलिटीज़' का अनावरण भी किया है। यह दृष्टिकोण उपभोक्ताओं के जीवन को प्रभावी, आरामदायक एवं सुविधाजनक बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने और उद्योग जगत में अपनी स्थिति को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं।''

## पीवीआर आइनॉक्स का पॉकेट-फ्रैंडली पासपोर्ट अब बेमिसाल फीचर्स के साथ पूरे भारत में उपलब्ध है

**रायपुर।** भारत की सबसे बड़ी मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआर आइनॉक्स लि. ने अपनी मंथली सिनेमा सब्सक्रिप्शन सर्विस 'पासपोर्ट' का दूसरा एडिशन लॉन्च किया है। इसे कंज्यूमर का कीमती फीडबैक लेकर दोबारा डिजाइन किया गया है। पासपोर्ट अब दक्षिण भारतीय राज्यों समेत पूरे देश में उपलब्ध है। और उसका यह दोहराव यूजर के लिये ज्यादा अनुकूल है। इसमें रोमांचक नये फीचर्स और कुछ शर्तें भी हैं। इसकी शुरूआत 18 मार्च से हो रही है और इसके साथ सब्सक्राइबर्स किफायती दामों पर फिल्में देख सकेंगे। सोमवार से गुरुवार तक सब्सक्राइबर्स सिर्फ349 रूपये में हर महीने 4 फिल्में देख सकते हैं। पासपोर्ट के माध्यम से सब्सक्राइबर्स किसी और के लिये भी टिकट खरीद सकेंगे और रिडीम कर पाएंगे। अगर सब्सक्राइबर्स रिक्लाइनर्स पर या आइमैक्स, पी (एक्सएल), आईसीई, स्क्रीनएक्स, एमएक्स4डी या 4डीएक्स जैसे प्रीमियम और एक्सपीरियेंशियल फॉर्मेट्स में फिल्में देखना चाहते हैं, तो उन्हें पासपोर्ट कूपन के ऊपर 150 रूपये की अतिरिक्त फीस देनी होगी। फिर उनका अनुभव ज्यादा मजेदार बन जाएगा। हालांकि यह फीचर दक्षिण भारतीय बाजारों में उपलब्ध नहीं होगा। फिल्मों के शौकीन पीवीआर एण्ड आइनॉक्स ऐप या वेबसाइट पर या पेटीएम के माध्यम से अपना पीवीआर आइनॉक्स पासपोर्ट 2.0 ले सकते हैं। सब्सक्राइबर्स अग्रिम तौर पर 1047 रूपये का भुगतान कर 3 महीने का सब्सक्रिप्शन भी खरीद सकते हैं। इसमें उन्हें 350 रूपये के फूड वाउचर्स मिलेंगे। अभी सिर्फ 50,000 पीवीआर आइनॉक्स पासपोर्ट्स, सिर्फ तीन हफ्ते तक उपलब्ध हैं। इसलिये फिल्मों के प्रेमी लोगों को सिनेमा के शानदार सफर के लिये जल्दी से जल्दी अपने-अपने पासपोर्ट्स पा लेने चाहिये। पीवीआर आइनॉक्स पासपोर्ट 2.0 के लॉन्च पर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए, पीवीआर आइनॉक्स लि. के को-सीईओ गौतम दत्ता ने कहा, ''पीवीआर आइनॉक्स पासपोर्ट के पहले एडिशन को फिल्म देखने वालों से काफी प्यार और तारीफ मिली थी। लेकिन यूजर्स ने मायने रखने वाले कई फीडबैक भी दिये कि हम इसे बेहतर कैसे बना सकते हैं।

## भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च

**रायपुर (विसं)।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने बताया कि भारतीय सेना में भर्ती के लिए इंडियन आर्मी की वेबसाइट- www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 मार्च, 2024 तक है। छत्तीसगढ़ से अब तक 15000 युवाओं ने अपना पंजीकरण करा लिया है। यह सेना में भर्ती के लिए उनके उत्?साह को दर्शाता है। किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण अथवा सहायता के लिए शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के दूरभाष संख्या 0771-2965212, 0771-2965213, पर संपर्क किया जा सकता है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक




**लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की दी जानकारी**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में बताया गया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है और निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक यह प्रभावशील रहेगी। राज्य में निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के पश्चात भी सतत अद्यतीकरण में मतदाताओं के नाम जोड़े जाने की कार्यवाही निरंतर प्रक्रियाधीन है। राज्य के सभी मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे-रैंप, पेयजल, विद्युत प्रकाश, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता सहायता केन्द्र का निर्माण किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि सभी मतदान केन्द्रों में बुजुर्गजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता हेतु मतदाता मित्र आवश्यक सहयोग हेतु उपस्थित रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजन, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले दिव्यांगजन एवं कोविड-19 के संदिग्ध अथवा संक्रमित मतदाता भी निर्धारित प्रारूप के माध्यम से निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक के 5 दिवस के अन्दर सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे वह डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही वोटिंग कर सकेंगे। बैठक में राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय किए जाने की सीमा तथा व्यय लेखों के संधारण के संबंध में आयोग के निर्देशों की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई। बैठक में निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया तथा इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पी.एस. ध्रुव सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान सिद्ध बनने का एक अभूतपूर्व अवसर : ब्रम्हचारी विजय भईया (गुणायतन)





**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड में चल रहे 8 दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ के दूसरे सिद्ध भक्ति में डूबा बड़े मंदिर का जिनालय ट्रस्ट कमेटी के ट्रस्टी सनत कुमार जैन एवं कमेटी के उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया की आज दिनाक 18/3/2024 सोमवार को प्रतिदिन की तरह सर्वप्रथम जिनालय में विराजमान श्री जी का अभिषेक स्वर्ण कलशो से सुबह 7 बजे किया गया साथ ही चमत्कारिक रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता वृहद शांतिधारा की गई आज की शांति धारा करने का सौभाग्य महेंद्र कुमार सनत कुमार मनीष कुमार चूड़ी वाले परिवार एवं विवेक जैन कैलाशपुरी परिवार को प्राप्त हुआ शांतिधारा पश्चात श्री जी आरती की गई तत्पश्चात श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के अर्घ्य चढ़ाए गए आज के विधान में गुणायतन से पधारे ब्रम्हचारी विजय भईया ने अपने वक्तव्य में बताया की सिद्ध चक्र महामंडल विधान सिद्ध बनने का एक अभूतपूर्व अवसर होता है यह विधान फाल्गुन, कार्तिक और आषाढ़ के अंतिम आठ दिन अष्टमी से पूर्णिमा तक यह पर्व आता है। इन आठ दिनों में सिद्धों की यह विशेष आराधना के लिए सिद्धचक्र विधान किया जाता है।

जिस प्रकार मैना सुंदरी जिन्होंने सिद्धों की आराधना कर अपने पति श्रीपाल के असाध्य रोग का निवारण किया था श्रीं सिद्ध चक्र महामंडल विधान जो की न की सिर्फ शारीरिक रूप अपितु अनंतकाल से लगे हुए जन्म जरा मृत्यु जैसे रोग का निवारण सिद्धों की भक्ति से संभव है हम सब मिल कर के इस भक्तिमय आराधना में अपने श्रद्धा रूपी अर्घ्य समर्पित करे जहा एक ओर प्रतिदिन दोगुने अर्घ्यो के माध्यम से सिद्धों की आराधना की जा रही है वही दूसरी ओर हम अपने अंदर निर्मल परिणामों को वृद्धगत करते आज के इस श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ में सकल जैन समाज के श्रावक गण धर्म प्रेमी बंधु एवं ट्रस्ट कमेटी व कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित थे। **-प्रणीत जैन**

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 19 मार्च को स्वर्णप्राशन



**आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में 0-16 वर्ष के बच्चों को कराया जाता है स्वर्णप्राशन**

**बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास में मददगार होने के साथ एकाग्रता और स्मरण शक्ति भी बढ़ाता है**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 19 मार्च को रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में सवेरे नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक इसका सेवन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन का आयोजन किया जाता है। स्वर्णप्राशन हर महीने की पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाने वाली औषधि है। इस साल 19 मार्च के साथ ही अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 16 अप्रैल, 13 मई,10 जून, 8 जुलाई, 3 अगस्त, 30 अगस्त, 26 सितम्बर, 24 अक्टूबर, 20 नवम्बर और 18 दिसम्बर को भी स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

# एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर द्वारा कैंसर रोग परामर्श क्लिनिक आपके शहर बिलासपुर में

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश भर में उच्चतम गुणवत्ता के साथ किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध



कराने के लिए प्रसिद्ध एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा 20 मार्च को बिलासपुर में कैंसर रोग परामर्श क्लीनिक आयोजित की जा रही है। इस क्लीनिक में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ यशवंत कश्यप अपनी सेवाएं देंगे। इस ओपीडी का आयोजन बिलासपुर नेहरू नगर, मेन रोड में स्थित श्री मंगला हॉस्पिटल में प्रातः 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक किया जा रहा है। जिन मरीजों को मुंह में ना ठीक होने वाले छाले, स्तन कैंसर, पेट आंत का कैंसर, स्तन में गांठ होना, शरीर में गांठ होना और त्वचा के बाहर से महसूस होना, खून का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, कीमोथेरपी, टारगेटेडथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, संबंधित या अन्य शिकायत को वे आज अग्रिम पंजीयन कर इस क्लीनिक का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के सम्पर्क करे 8821818181.

# सिपेट में MSME द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**रायपुर (विश्व परिवार)।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, (एमएसएमई) रायपुर के सहयोग से सिपेट, बीटेक के प्री और फाइनल वर्ष के छात्रों के लिए विगत दिनों एक दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सिपेट के निदेशक एवं प्रमुख डॉ.आलोक साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं इसके लाभ के बारे में जानकारी दी। एमएसएमई रायपुर के सहायक निदेशक श्री अरविंद तिवारी ने अपने भाषण में इस कार्यक्रम के उद्देश्य और उद्यमियों के लिए एमएसएमई की विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा सभी विद्यार्थियों के लिए भावी उद्यमी बनने के लिए मार्गदर्शन दिया, जिसके द्वारा अपना उद्योग प्रारंभ कर दूसरे लोगों को भी सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

NSIC रायपुर की मुख्य प्रबंधक श्री इकबाल अहमद ने अपने व्याख्यान में NSIC की भूमिका के बारे में बताते हुए उससे मिलने वाले लाभ के बारे में बताया साथ ही श्री अमित रंजन अग्रणी (जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ़ बडौदा) ने सरकार से मिलने वाली विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिनके सहयोग से उद्योग प्रारंभ करने में मददगार साबित होगी।

श्री हेमंत देवांगन प्रबंधक DIC ने भी युवा उद्यमियों के विकास में डीआईसी की भूमिका के बारे में बताया जिसके द्वारा युवा उद्यमियों के लिए अपना उद्योग धंधा प्रारंभ करने के लिए विभिन्न प्रकार से सहयोग तथा लाभ प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम के अंत में सिपेट की प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती अंबिका जोशी ने मुख्य अतिथि तथा आए हुए सभी अधिकारियों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने सिपेट के विद्यार्थियों के लिए आजीविका चलाने हेतु लाभप्रद जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बीटेक कोर्स के 50 विद्यार्थियों एवं सिपेट के विषय विशेषज्ञ एवं अधिकारियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# आरएसएस में हुई अहम नियुक्तियां, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को मिला महत्व

**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्यालय नागपुर के करीब रहने के बाद भी अब तक नजर अंदाज किए जाते रहे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के स्वयं सेवकों की भूमिका बढ़ने लगी है. इसे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में हुई अहम नियुक्तियां से जोड़ा जा सकता है.

दीपक विसपुते की अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख के तौर पर नियुक्ति हुई है, जबकि प्रेम शंकर सिदार की मध्य क्षेत्र सह क्षेत्र प्रचारक के तौर पर, नागेंद्र जी क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, अभय राम छत्तीसगढ़ प्रांत प्रचारक, नारायण नामदेव छत्तीसगढ़ सह प्रांत प्रचारक और स्वप्निल गुप्ता की मध्यक्षेत्र क्षेत्र प्रचारक केंद्र भोपाल में नियुक्ति हुई है.

# कलिंगा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय ने वैश्विक प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया निगरानी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन किया गया




**रायपुर (विश्व परिवार)।** अपनी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध कलिंगा यूनिवर्सिटी की फार्मेसी फैकल्टी, हेल्थ साइंसेज यूनिवर्सिटी, कुआलालंपुर और रॉयल कॉलेज ऑफ मेडिसिन पेराक, मलेशिया के सहयोग से अपने अंतर्राष्टीय सम्मेलन के सफल समापन की घोषणा करते हुए रोमांचित है। वैश्विक प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया (एडीआर) निगरानी में वर्तमान चुनौतियां और नवीन रणनीतियाँ विषय पर अंतर्राष्टीय सम्मेलन 15 और 16 मार्च, 2024 को रायपुर के विश्वविद्यालय परिसर में हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था।

फार्मेसी संकाय के प्राचार्य और सम्मेलन के संयोजक डॉ. संदीप प्रसाद तिवारी के दूरदर्शी नेतृत्व में, सह-संयोजक श्री सुदीप कुमार मंडल, श्री प्रांजुल श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी यादव और श्री सौरभ शर्मा, संकाय के सहायक प्रोफेसर के साथ फार्मेसी विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय, सम्मेलन में दुनिया भर के प्रतिष्ठित शोधकर्ताओं, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, नीति निर्माताओं और उद्योग विशेषज्ञों की उल्लेखनीय भागीदारी देखी गई। इस कार्यक्रम का समन्वय एक समर्पित आयोजन समिति द्वारा किया गया था जिसमें सुश्री स्मिता सुथार, सुश्री दीप्ति पाल, श्री मृत्युंजय भांजा, डॉ. रूपाली भारती साओ और सुश्री रश्मी पांडे, सहायक प्रोफेसर, फार्मेसी संकाय, कलिंगा विवि शामिल थे। फार्मास्युटिकल समुदाय के भीतर महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया।

मुख्य अतिथि डॉ. दीपेंद्र सिंह, अध्यक्ष-शिक्षा विनियमन समिति, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने टिप्पणी की, सम्मेलन के दौरान हमें मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया और सक्रिय भागीदारी से हम प्रसन्न हैं। सम्मानित अतिथि डॉ. तृप्ति जैन, सहायक औषधि नियंत्रक, छत्तीसगढ़ (एफडीए) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दवा सुरक्षा और कारण प्रबंधन सुनिश्चित करने में उचित एडीआर निगरानी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। यह सम्मेलन इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन, एसोसिएशन ऑफ फार्मास्युटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया (एपीटीआई), इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट्स एसोसिएशन, दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जगदलपुर, स्कूल ऑफ फार्मेसी नियोटिया यूनिवर्सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल और जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से आयोजित किया गया। रघु कॉलेज ऑफ फार्मेसी, विशाखापत्तनम ने गहन चर्चा, ज्ञान साझा करने और नेटवर्किंग के अवसरों के लिए एक मंच प्रदान किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने मुख्य प्रस्तुतियों, पैनल चर्चाओं, पेपर प्रस्तुतियों और पोस्टर सत्रों में भाग लिया, जिसमें फार्माकोविजिलेंस में उभरते रुझान, नियामक ढांचे, सर्वोत्तम प्रथाओं और तकनीकी प्रगति सहित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। सम्मेलन में डॉ. नितिन आर गायकवाड़, डॉ. टी पुगज़ेंथम, डॉ. अल्बर्टना ओन्सिया, डॉ. मुकेश नंदावे, डॉ. ज्योति उपाध्याय, डॉ. चिन्मय महापात्रा, डॉ. अंबर व्यास, डॉ. गार्गी डे, डॉ. जोन डिसूजा, सुश्री अर्शिया भंडारी और डॉ. एलेजांद्रा क्रूज़ जैसे प्रतिष्ठित वक्ता उपस्थित थे जिन्होंने क्षेत्र में अमूल्य अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता साझा की।

# कोयला, शराब, गोबर, गोठान, पीडीएस, डीएमएफ घोटाला करने वाले पर होगी कार्यवाही : बृजमोहन अग्रवाल

**पूर्व मुख्यमंत्री बताये जैसे झीरम के साक्ष्य छुपाये वैसे इसे भी छुपायेंगे क्या?**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर मुकदमा दर्ज होते है हाय तौबा मचाना, उन्हे हार से बचा नही पाएगा। भयंकर हार के डर से वह विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश कर रहे है जिससे उन्हें कोई लाभ नहीं होगा

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जहां तक महादेव ऐप का विषय है, तो कांग्रेस के समय से ही इसकी जांच प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी, ऐसा तब की कांग्रेस सरकार का भी दावा था। आंध्र और तेलंगाना ने इस केस को ईडी को सौंप दिया तब इसके बाद ईडी इसमें हाथ ना डालें इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नहीं छत्तीसगढ़ में किस दर्ज किया। अब अपने ही बने हुए जाल में खुद फंस गए हैं और बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। भूपेश बघेल को बताना चाहिए कि इस मामले में जुड़े हुए जितने गिरफ्तार हुए हैं और जितने अधिकारियों का नाम उसमें शामिल है उनसे भूपेश बघेल जी का क्या संबंध है? यह भूपेश बघेल को सार्वजनिक करना चाहिए। रानू साहू जिनके ऊपर कोयला घोटाला का मामला सामने आ चुका था उसके बाद रानू साहू को हटाकर अच्छी जगह में पदस्थ करने वाले कौन लोग हैं। छत्तीसगढ़ में चाहे कोयला घोटाला, शराब घोटाला, गोबर घोटाला, गोठान घोटाला, पीडीएस घोटाला हो चाहे डीएमएफ घोटाला हो और न जाने कितने घोटाले हुए हो अभी तो सिर्फ एक घोटाले में तत्कालीन मुख्यमंत्री का नाम आया है जिससे वह घबरा गए हैं। अब जब कारवाई आगे बढ़ी हैं, तो कांग्रेस के पेट में दर्द होना साबित करता है कि सारी दाल ही उसकी काली है।

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई को लूट कर इसका हिस्सा कहां तक पहुंचता था, यह अभियुक्तों के वीडियो से भी सामने आया ही था। समाचारों में काफी कुछ इससे पहले भी आ ही चुका है। ईडी की जांच में स्पष्ट रूप से सामने आया था कि असीमदास नामक व्यक्ति के कब्जे से जो 5.39 करोड़ रुपए ईडी ने बरामद किए थे, उसे भूपेश बघेल को पहुँचाने के लिए दिया गया था, ऐसा असमीमदास ने कहा था। इसी तरह से जो वीडियो शुभम सोनी का दुबई से जारी हुई था, उसमें भी करोड़ों की रकम आरोपी भूपेश बघेल को देने की बात सामने आयी थी। आज भी आप गूगल पर 508 करोड़ टाइप करें तो भूपेश जी के कारनामे सामने आएँगे।

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि अभी तक जितनी जांच हुई है और जाँच में जितने नाम आए हैं, पकड़े गए आरोपियों ने जो बयान दिए हैं इसकी सत्यता के बारे में कभी भी भूपेश बघेल जी ने एक शब्द नहीं कहा, सिर्फ यही कहा कि यह सब झूठ है तथ्यात्मक बयान आज तक भूपेश बघेल ने क्यों नहीं दिया? छत्तीसगढ़ की 10 लाख युवाओं को महादेव एप सट्टे में उलझा कर उनके पैसे को खाने की कोई दोषी हो तो वह भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी है। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तब की कांग्रेस सरकार में शक्तिशाली रहे नेताओं और अफसरों पर अन्य मामलों में भी लगाए गए आरोप इतने अधिक मजबूत हैं कि सुप्रीम कोर्ट तक इन्हें जमानत नहीं दे रहा है। महीनों से सभी जेल में बंद हैं। बार-बार जमानत मांगने पहुंचने पर सुप्रीम कोर्ट ने तो कोयला घोटाले की आरोपीपर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगा दिया था। उलट राजनीतिक द्वेषवश मुकदमें आदि दर्ज करना भूपेश बघेल जी का ही कृत्य रहा था।

# महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की आम सभा एवं होली मिलन कार्यक्रम चैंबर भवन में सम्पन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की आम सभा एवं होली मिलन का कार्यक्रम चैंबर भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष श्री संजय जादवानी जी ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से उन्होंने इस संगठन को एक व्यवस्थित रूप देने एवं सदस्यों के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित कर उनमें आपसी सामंजस्य और प्रेम को बढ़ाने का कार्य किया है। सदस्यता को व्यवस्थित करने, नया रेजिस्ट्रेशन कराने, 1 वर्ष के सदस्यता शुल्क का संग्रहण, डेटा बेस के व्यवस्थित करने के साथ-साथ दीपावली मिलन जैसे भव्य कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा आयोजित रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में सहभागिता, भगवान श्री राम जी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत एमजी रोड व्यापारी संघ की भव्य गतिविधियां, इसके अलावा प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम इस कार्यकाल की मुख्य उपलब्धियां रहे हैं एवं चेंबर द्वारा आरंभ किए गए उपक्रम होलसेल कॉरिडोर में भी एमजी रोड के व्यापारियों का व्यवस्थित विवरण दिया गया है। उन्होंने अपनी भावी योजनाएं भी उपस्थित व्यापारियों से साझा की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी अध्यक्ष एवं संस्था के संरक्षक विक्रम सिंह देव, महेंद्र तलरेजा, एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमन्नू वाधवानी, महेश प्रसाद राय, कोषाध्यक्ष अशोक छाबड़ा, सह सचिव परेश पारेख, शंकर चक्रवर्ती शिवम चांदवानी, घनश्याम पोद्दार अम्बरीक बागल, विजय रामानी, नीलेश बुधभट्टी, नरेन्द्र सलूजा, एवं संगठन के व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के महामंत्री श्री जैन विकास सिपानी ने किया।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी

नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354